

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


अधिक स्क्रिन टाइम से बालों पर पड़ ...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

गुरुवार, 23 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 64 | पृष्ठ 8 | आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# उत्तर प्रदेश का 2023–24 का बजट पेश, किसानों, महिलाओं तथा युवाओं पर विशेष जोर



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को वित्त वर्ष 2023–24 के लिये राज्य का बजट पेश किया गया। बजट में मूलभूत अवसंरचना के विकास पर ध्यान केन्द्रित किये जाने के साथ–साथ किसानों, महिलाओं और युवाओं का भी खास ख्याल रखा गया है। वित्त्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन की कार्यवाही शुरू होते ही बजट भाषण शुरू किया। 2023–24 के बजट में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के पात्र छात्र–छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन देने के लिए 3,600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लिये बजट में 1,050 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। खन्ना ने कहा कि नई उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति–2022 के अंतर्गत अगले पांच साल में 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश एवं 20 हजार रोजगार के अवसरों के सृजन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बजट में इन्क्यूबेटर्स को बढ़ावा देने तथा स्टार्टअप इकाइयों के लिए शुरुआती पूंजी को 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी एवं स्टार्टअप नीति के लिए 60 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में युवा उद्यमियों को एग्रीटेक स्टार्टअप की स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एग्रीकल्चर एक्सिलरेटर कोष के लिए 20 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। वृद्धावस्था व किसान पेंशन योजना के लिए 2023–24 के बजट में 7,248 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के कर्मकारों के लिये संचालित मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के मद में 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वित्त्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2023–24 के बजट में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन के लिए 12,631 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अलावा बजट में सड़क और सेतु निर्माण के लिए 21,159 करोड़ 62 लाख रुपये और सड़क और सेतु रखरखाव के लिए 6,209 करोड़ 50 लाख रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस–वे के साथ डिफेन्स गलियारा परियोजना के लिए 550 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के दोनों तरफ गोरखपुर में औद्योगिक गलियारा विकसित करने के लिये 200 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## योगी सरकार के बजट को अखिलेश ने बताया दिशाहीन, मायावती बोलीं– ऊँट के मुँह में जीरा



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने आज अपना बजट पेश किया। 2023–24 के बजट में कई बड़े वादे किए गए हैं। हालांकि, विपक्ष लगातार योगी सरकार के बजट की आलोचना कर रहा है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने तो इसे दिशाहीन बता दिया। अपने बयान में अखिलेश ने कहा कि ये बजट दिशाहीन दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि इसमें ना आज की समस्याओं का समाधान और ना ही भविष्य के किसी फैसले को आगे लेकर जाने का कोई रास्ता दिखाई देता है। सपा प्रमुख ने साफ तौर पर कहा कि इस बजट ने किसानों, युवाओं, महिलाओं को निराश किया है। अखिलेश ने कहा कि यूपी का सबसे आधुनिक गौ दुग्ध संयंत्र इस सरकार की लापरवाही से बंद... एक भी स्टेडियम नहीं बना लेकिन खेल विश्वविद्यालय बनाने की बात करते हैं। उन्होंने दावा किया कि लखनऊ, आगरा और कानपुर मेट्रो सब कुछ समाजवादी सरकार ने दिया है। उन्होंने कहा कि बजट में कोई नौकरी की बात नहीं है। सरकार ने सभी डैडम् को नष्ट कर दिया। उनके लिए किसी राहत पैकेज की घोषणा नहीं की। वे कहते हैं श्व्यापार करने में आसानीश लेकिन वास्तव में, यह श्अपराध करने में आसानीश है। वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर कहा कि यूपी सरकार द्वारा सदन में आज पेश बजट जनहित व जनकल्याण का कम एवं लोकसभा चुनाव स्वार्थ को लेकर पुनः वादों का पिटारा। उन्होंने सवाल किया कि क्या इस अवास्तविक बजट से यहाँ की जनता का हित व कल्याण तथा भारत का ग्रोथ इंजन बनने का दावा पूरा होगा? कर्ज में डूबी यूपी को भ्रमकारी नहीं रोजगार–युक्त बजट चाहिए। मायावती ने कहा कि यूपी भाजपा सरकार अपनी बहुप्रचारित घोषणाओं, वादों व दावों को ध्यान में रखकर यहाँ महंगाई से त्रस्त लगभग 24 करोड़ जनता की गरीबी, बेरोजगारी, अशिक्षा, पिछड़ेपन एवं अराजकता आदि से उत्पन्न बदहाली को दूर करने हेतु अपनी कथनी एवं करनी में अन्तर से जनता के साथ विश्वासघात क्यों? उन्होंने कहा कि यूपी सरकार द्वारा लोकसभा आमचुनाव के मद्देनजर नए भ्रमकारी वादे व दावे करने से पहले पिछले बजट का ईमानदार रिपोर्ट कार्ड लोगों के सामने नहीं रखने से स्पष्ट है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में प्रति व्यक्ति आय व विकास की जमीनी हकीकत मिथ्या प्रचार व जुमलेबाजी। बजट ऊँट के मुँह में जीरा।

## मल्लिकार्जुन खड़गे का ऐलान, चाहे 100 मोदी और शाह आ जाएं, 2024 में बनेगी कांग्रेस की नेतृत्व वाली सरकार




नई दिल्ली। 2024 चुनाव को लेकर अब राजनीतिक वार–पलटवार का दौर शुरू हो गया है। 2024 को लेकर सभी पार्टियों के अपने–अपने दावे हैं। इन सबके बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे नागालैंड में थे। नागालैंड में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने ऐलान कर दिया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करेंगी और भाजपा को हरा देगी। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम अन्य दलों के साथ बहुमत को प्राप्त करेंगे। चाहे 100 मोदी और शाह क्यों ना आ जाए। उन्होंने कहा कि एक मजबूत गठबंधन के लिए विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी है। इसके साथ एक लड़के ने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी ने कई बार कहा है कि मैंमैं अकेला आदमी हूं जो देश का सामना कर सकता हूं। कोई अन्य व्यक्ति मुझे छू नहीं सकता। इसके साथ ही खड़गे ने कहा कि कोई भी लोकतांत्रिक व्यक्ति ऐसा नहीं कह सकता। आप लोकतंत्र में हैं। आपको याद रखना चाहिए कि आप निरंकुश नहीं है। आप तानाशाही नहीं है। आप लोगों द्वारा चुने गए हैं और लोग आप को सबक सिखाएंगे। खड़गे ने साफ शब्दों में कहा कि 2024 में केंद्र में गठबंधन सरकार आएगी, कांग्रेस नेतृत्व करेगी। हम अन्य पार्टियों से बात कर रहे हैं, नहीं तो लोकतंत्र और संविधान चला जाएगा। उन्होंने कहा कि इसलिए, हर पार्टी के साथ हम फोन कर रहे हैं, हम बात कर रहे हैं, हम अपने विचार साझा कर रहे हैं। भाजपा को बहुमत नहीं मिलेगा। अन्य सभी दलों को एक साथ करके हम बहुमत प्राप्त करेंगे ... चाहे 100 मोदी या शाह आ जाए। खड़गे ने कहा कि हमारे लोगों ने आजादी के लिए अपनी जान दी है। कांग्रेस के लोगों ने, भाजपा के लोग नहीं। मुझे बताएं कि क्या किसी भाजपा नेता को आजादी के लिए फांसी दी गई है, या आजादी के लिए लड़ा गया है? जेल गया है? इसके बजाय, एक आदमी जिसने आजादी दिलाई, महात्मा गांधी उन्होंने उसे मार डाला।

## वीवीआईपी कल्चर खत्म करने को लेकर बड़ा कदम, अश्विनी वैष्णव ने अचानक हटवा दिया अपने ऑफिस में लगा बजर



नई दिल्ली। देश से लगातार वीवीआईपी कल्चर खत्म करने की बात कहीं जाती है। विभिन्न स्तरों पर इसे खत्म करने की कोशिश भी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लगातार वीवीआईपी कल्चर को खत्म करने की बात करते रहे हैं। इन सब के बीच केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अचानक एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने अपने कर्मचारियों से कार्यालयों में परिचालक को बुलाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली घंटी हटाने को कहा है। इतना ही नहीं, उन्होंने सबसे पहले यह घंटी खुद के पास से हटाया है। इसको लेकर अधिकारी भी दंग है। अश्विनी वैष्णव ने अपने कार्यालय से उस बाजार को हटवा दिया जिसे दबाकर जूनियर सहायक और परिचालकों को संदेश दिया जाता था या फिर काम बताया जाता था। अपने निर्देश में उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि पुरानी व्यवस्था खत्म होनी चाहिए। लोगों को बजट दबाने के बजाय कुछ काम खुद करने चाहिए या जरूरत पड़ने पर फोन का इस्तेमाल करना चाहिए। रेल मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि ऑफिस अटेंडेंट को बुलाने के लिए घंटी का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से बुलाया जाना चाहिए। मंत्री के कार्यालय ने कहा कि यह प्रयास किया गया है कि यहां प्रत्येक कर्मचारी को समान सम्मान दिया जाए और वीवीआईपी संस्कृति की मानसिकता को बदला जाए। इसके साथ ही मंत्री यह भी चाहते हैं कि हर कर्मचारी शत–प्रतिशत रेलवे को पूरी गति से चलाए, जो शून्य प्रतिशत वीवीआईपी संस्कृति से ही संभव है। इससे पहले भी अश्विनी वैष्णव ने अपने कार्यालय में कार्य संस्कृति को बदलने और एक–दूसरे के काम के प्रति वफादारी और विश्वास पैदा करने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करने के लिए इस तरह की पहल की थी। हालांकि, मंत्री के कार्यालय द्वारा शुरू की गई श्नो बेल्सश पहल ने एक नए युग का निर्माण किया है, जिसमें रेल मंत्रालय में श्कॉल बेल्सश सुनाई नहीं देगी।

## मुंबई के धारावी की झुग्गियों में भीषण आग, कोई हताहत नहीं

मुंबई । मुंबई की सबसे बड़ी झुग्गी बस्ती धारावी की कुछ झुग्गियों में बुधवार तड़के भीषण आग लग गई। हालांकि किसी के घायल होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि धारावी दमकल केंद्र के पास कमला नगर और शाहू नगर इलाकों में तड़के करीब सवा चार बजे कुछ झुग्गियों में आग लग गई। एक निगम अधिकारी ने बताया, ''कम से कम 12 दमकल गाड़ियां, आठ पानी के टैंकर और अन्य दमकल वाहन आग बुझाने के अभियान में जुटे हैं।'' उन्होंने बताया कि आग कुछ झोपड़ियों तक ही सीमित है, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी के अनुसार, मुंबई पुलिस, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के प्रशासनिक वार्ड और कई अन्य एजेंसी के कर्मचारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। विस्तृत ब्योरे की प्रतीक्षा है।

## निक्की यादव हत्या काण्ड: अदालत ने साहिल गहलोत को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा



नयी दिल्ली। दिल्ली में एक अदालत ने अपनी प्रेमिका निक्की यादव की हत्या करने और उसके शव को एक फ्रिज में रखने के आरोपी साहिल गहलोत को बुधवार को 12 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अर्चना बेनीवाल ने यह आदेश दिया। इससे पहले दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को गहलोत की पुलिस हिरासत की अवधि दो दिन के लिए बढ़ा दी थी और पांच अन्य सह–आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

## चीन को लेकर एस जयशंकर पर कांग्रेस का पलटवार, बताया अब तक का सबसे असफल विदेश मंत्री



भारत के विदेश मंत्री एय जयशंकर के चीन, राहुल गांधी और भारतीय सीमा की सुरक्षा को लेकर दिए बयान के बाद अब कांग्रेस की तरफ से पलटवार किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने एस जयशंकर को अब तक का सबसे असफल विदेश मंत्री करार दिया है। उन्होंने कहा कि कल भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कुछ ऐसी बातें कहीं, आप अपने राजनीतिक प्रतिद्वंवदियों के खिलाफ बयानबाजी करें। आप लगातार करते भी रहते हैं, वो कई बार फुहर होती है, कई बार इम्चौयोर होती है। लेकिन आपने चीन को लेकर जो बोला वो वाकई में चिंताजनक है। आपने भले ही राहुल गांधी का अपमान करने की कोशिश की हो। लेकिन आपने भारतीय सेना और उनके शौर्य का अपमान किया है। इसके साथ ही इस देश के भू–भागीय अखंडता पर एक बहुत बड़ा सवाल भी उठा दिया। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन को लेकर जो बोला है वो चिंताजनक है। हमारे देश के विदेश मंत्री कह रहे हैं क्योंकि हम छोटी अर्थव्यवस्था हैं इसलिए चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को अटैक नहीं कर सकते।






## राहुल ने भाजपा पर लगाया मेघालय की संस्कृति को खत्म करने का आरोप




मेघालय विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार का दौर लगातार जारी है। 27 फरवरी को वहां विधानसभा के चुनाव होने हैं। 60 सीटों के लिए भाजपा, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच में जबरदस्त मुकाबला है। इसके अलावा क्षेत्रीय पार्टियां भी मैदान में हैं। आज कांग्रेस के लिए प्रचार करने पहुंचे राहुल गांधी ने भाजपा और तृणमूल कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से निशाना साधा। उन्होंने भाजपा पर मेघालय की संस्कृति को खत्म करने का आरोप लगाया। शिलांग में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा को मेघालय की भाषा, संस्कृति और इतिहास को नुकसान नहीं पहुंचाने देंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मेघालय के लोग टीएमसी की परंपराओं– पश्चिम बंगाल में हिंसा और घोटाले से वाकिफ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी ने गोवा चुनाव में बड़ी रकम खर्च की, वह भाजपा को जिताने के लिए मेघालय में भी यही कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पर भी बात की। राहुल ने कहा कि हमने भारत जोड़ो यात्रा इसलिए की क्योंकि भाजपा और आरएसएस ने हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि चाहे वह संसद हो, मीडिया हो, नौकरशाही हो, चुनाव आयोग हो या न्यायपालिका, ये सभी संस्थान आरएसएस की विचारधारा के निशाने पर हैं। नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा था कि मैंने संसद में भाषण दिया था और च्ड से कुछ सीधे सवाल पूछे थे। मैंने च्ड से अडानी के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा। मैंने एक तस्वीर भी दिखाई जिसमें च्ड मोदी, अडानी के साथ उनके विमान में बैठे हैं। उन्होंन साफ तौर कहा कि च्ड मोदी ने एक भी सवाल का जवाब नहीं दिया। राहुल ने कहा कि उन्होंने मुझसे एक प्रश्न पूछा और कहा कि मेरा नाम गांधी क्यों है, नेहरू क्यों नहीं? उन्होंने पूरी चर्चा को टाल दिया। आपने देखा कि च्ड मोदी जब भाषण देते हैं तो पूरे टीवी पर छा जाते हैं। लेकिन मेरा भाषण कहीं नजर नहीं आया और इसका कारण यह है कि इस देश की मीडिया को 2–3 बड़े उद्योगपतियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है जिनके संबंध च्ड मोदी से हैं।

# कैंपस प्लेसमेंट में कृषि विवि के सात छात्रों को मिला रोजगार

## कुलपति ने चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में कैस्पोर माइक्रो फाइनेंस क्रेडिट, वाराणसी ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया। साक्षात्कार में कुल सात छात्रों को रोजगार के लिए चयनित किया गया। इस दौरान कर्नल डोगरा ने कुलपति को माइक्रो फाइनेंस की वार्षिक रिपोर्ट भेंट किया। वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कंपनी द्वारा चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विश्वविद्यालय स्थित डायरेक्टरेट ऑफ प्लेसमेंट द्वारा कुलपति डा.बिजेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व एवं अथक प्रयासों से कैंपस प्लेसमेंट की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

कैस्पोर माइक्रो फाइनेंस क्रेडिट, वाराणसी के चार वरिष्ठ अधिकारी एचआर हेड संजय श्रीवास्तव, मैनेजर श्रवन एवं मानसी व सीएओ कर्नल डोगरा ने छात्रों का साक्षात्कार लिया तथा छात्रों से प्रभावित होकर सात छात्रों का चयन किया। कैंपस प्लेसमेंट में एग्री बिजनेस मैनेजमेंट के प्रथम बैच एवं एग्रीकल्चर इकोनॉमिक के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कुल 21 छात्र–छात्राओं ने साक्षात्कार के लिए प्रतिभाग किया था जिसमें सात लोगों का चयन हुआ। डायरेक्टरेट ऑफ ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट के निदेशक डॉ. डी नियोगी ने कुलपति द्वारा छात्रों को समय से डिग्री पूर्ण करने के बाद रोजगार दिलवाने के वादे से प्लेसमेंट की ऑफलाइन प्रक्रिया आयोजित कराई। इससे छात्रों में हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों के प्लेसमेंट हेतु निरंतर से इस प्रकार के साक्षात्कार आयोजित करता रहा है। छात्रों के चयन से पहले डायरेक्टरेट ऑफ प्लेसमेंट के पूर्व उपनिदेशक डा. सत्यव्रत सिंह ने कंपनी के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं डा. नियोगी ने समस्त छात्रों का स्वागत किया साथ ही इस चयन प्रक्रिया के लिए कुलपति का आभार जताया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर किया धरना प्रदर्शन

अयोध्या। सिविल लाइन स्थित तिकोनिया पार्क में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वधान पुरानी पेंशन बहाली को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।जिसके उपरान्त समस्त कर्मचारियों ने सड़क पर उतरकर अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर कूच करते हुए नॉर्दन रेलवे मेंस यूनियन के धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में संयुक्त रूप से शामिल हुए।राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में 2 दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। अरविन्द सिंह ने बताया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांग पुरानी पेंशन बहाल की जाए जिससे कर्मचारियों का सेवानिवृत्त होने के बाद आगे का जीवोपार्जन की व्यवस्था हो सके।राज्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि मांगे पूरी न होने तक ये आंदोलन जारी रहेगा। उसी क्रम में कलेक्ट्रेट संघ के अध्यक्ष अरुण मोहन और संघ में महामंत्री विक्रम सिंह ने भी धरना प्रदर्शन के कार्यकम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। नार्दन रेलवे मेंस यूनियन लखनऊ के पूर्व मंडल अध्यक्ष आर जे कनौजिया ने बताया कि हमारा संगठन सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाली की मांग पुरजोर रूप से कर रहा है क्योंकि पुरानी पेंशन हमारे लिए आगे संजीवनी का काम करेगी उन्होंने कहा कि केवल पेंशन ही एकमात्र सहारा होती है जो वृद्धावस्था में हमारी आवश्यकताएं पूरी कर सकती है। यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष अश्वनी तिवारी ने कहा कि नई पेंशन योजना कर्मचारियों के हित में नहीं है इससे कर्मचारियों की आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियां भयावह हो जाएंगी।इस कार्यक्रम में संयुक्त रूप से डी.बी सिंह,रमाकांत यादव,राजकुमार प्रिंस,अमित गौतम, अमित यादव,के के सिंह, राम सागर, अम्बिका प्रसाद मौर्या, श्रद्धा यादव,इंद्रावती,विजय कुमार चौबे, श्यामचंद्र प्रजापति,डीके त्रिपाठी, चुन्नू अली, मोतीलाल, मीना, पीके मिश्र, प्रवीण पटेल,, अंजुम मुख्तार खान, हीरालाल, डेनियल भारती, विक्रम सिंह, सूर्यवीर यादव,उदयसिंह, सुभाष चंद्र पाण्डेय,अजीत मौर्या, कृष्णा देव पाण्डेय,दिलीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## मांगलिक कार्यक्रम में धारदार हथियार से अधेड़ की काटी नाक

मिल्कीपुर, अयोध्या। मांगलिक कार्यक्रम में मामूली कहासुनी को लेकर गांव के ही दो लोग आपस में भिड़े, गांव के जयराम पुत्र पुत्री पुट्टी लाल ने धारदार हथियार से स्वामीनाथ पुत्र साधू राम की नाक को काटकर लहूलुहान कर दिया। कार्यक्रम में शामिल अन्य लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बीच बचाव किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना खंडासा क्षेत्र के गहनाग पूरे मैकू गांव निवासी नंदकिशोर पुत्र हरिप्रसाद के नाती का मुंडन कार्यक्रम था मुंडन कार्यक्रम में गांव के लोग भी शामिल हुए थे। गांव के ही जय राम पुत्र पुट्टी लाल व स्वामीनाथ पुत्र साधू राम के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी उसी बीच जयराम ने धारदार हथियार से स्वामीनाथ के ऊपर हमला करते हुए नाक को काट कर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद परिजनों व ग्रामीण ने आनन–फानन में घायल स्वामीनाथ को उपचार के लिए समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खंडासा ले गए जहां पर डाक्टरों ने प्रथम उपचार करते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। वही घायल स्वामीनाथ ने जयराम पुत्र पुट्टी लाल के विरुद्ध थाना खंडासा पुलिस को मामले का लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष खंडासा विनय कुमार यादव से जब जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बसपा सरकार में सर्व समाज के साथ गरीबों का हुआ सर्वाधिक विकास: घनश्याम

## बसपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की हुई मंडल स्तरीय बैठक

अयोध्या। कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत एवं उनके संघर्षों के बदौलत ही आज बहुजन समाज पार्टी देश में तीसरे स्थान की राष्ट्रीय पार्टी है हमें आने वाले समय में मेहनत करके बहुजन समाज पार्टी को देश में पहले नंबर की राष्ट्रीय पार्टी बनाना होगा इसके लिए हमें अपने अपने पोलिंग बूथों पर सर्व समाज को जोड़ करके पार्टी को मजबूत बनाना होगा तभी हम इस देश का हुक्मरान बन सकते हैं उक्त उद्गार बहुजन समाज पार्टी अयोध्या आजमगढ़ वाराणसी मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज पूर्व सांसद लोकसभा एवं राज्यसभा घनश्याम चंद्र खरवार ने अयोध्या मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की मंडल स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए शहर के यमुना मिलन रिसॉर्ट के प्रांगण में कहीं पूर्व सांसद श्री खरवार ने कहा कि किसी भी संगठन को चलाने के लिए तीन चीजों की आवश्यकता होती है पैसा समय और बुद्धि इसके बल पर ही कोई संगठन आगे बढ़ता है बहुजन समाज पार्टी शोषित व गरीबों वंचित समाज की पार्टी है और हमेशा इनके उत्थान के लिए संघर्ष करती है इतिहास गवाह है जब–जब उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी सर्व समाज के साथ–साथ गरीबों का सर्वाधिक विकास हुआ है बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधान परिषद सदस्य अयोध्या एवं वाराणसी मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज नौशाद अली ने किया एवं संचालन अयोध्या जिले के बीएसपी जिला अध्यक्ष महेंद्र प्रताप आनंद ने किया बैठक के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधान परिषद सदस्य अयोध्या एवं आजमगढ़ मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज डॉ विजय प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं हमें कार्यकर्ताओं के मान सम्मान स्वाभिमान के लिए संघर्ष करने की जहां आवश्यकता है वही पार्टी की मुखिया बहन सुश्री मायावती जी को इस देश का प्रधानमंत्री बनाना होगा तभी देश में समतामूलक समाज की स्थापना होगी अयोध्या मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज दिलीप कुमार विमल ने संगठन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गांव की ओर चलो कार्यक्रम को अनवरत चलाते हुए हमें प्रत्येक पोलिंग बूथों पर लोगों को जागरूक करना होगा जिससे देश एवं प्रदेश की जनविरोधी सरकार का मुकाबला कर के लोकसभा के चुनाव में उन्हें सत्ता से बाहर किया जा सके इसके लिए हमें पोलिंग बूथ एवं सेक्टर कमेटी को मजबूत बनाना होगा बैठक को अयोध्या एवं वाराणसी मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज हसीब अली ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार देश में नफरत फैलाने की राजनीति कर रही है जिसके कारण आज पूरे देश में महंगाई एवं बेरोजगारी चरम सीमा पर बढ़ी है इसका खात्मा बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने पर ही हो सकता है बैठक में अयोध्या मंडल के मुख्य जोन इंचार्ज रामगोपाल कोरी हरीश चंद्र गौतम प्रदीप भारती रमेश गौतम अनिल सागर शिवमंगल गौतम राम अभिलाख बौद्ध जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर सुरेश गौतम जिला अध्यक्ष अंबेडकरनगर सुनील सावंत जिला अध्यक्ष बाराबंकी प्रमोद गौतम जिला अध्यक्ष अमेठी दिलीप कुमार कोरी जिला अध्यक्ष अयोध्या महेंद्र प्रताप आनंद मंडल जोन इंचार्ज वीरेंद्र कुमार गौतम रवि प्रकाश मौर्या लक्ष्मी चंद्र खरवार नितिन चौधरी राम बहोर राव कृष्ण कुमार पासी राम नयन निर्दोष कृष्ण प्रताप कोरी कमलेश निषाद दर्शन अंबेडकर जितेंद्र गौतम दिलीप बर्मा दिनेश गौतम रामकेश सोनकर सरवन कुमार यादव विजय कुमार गौतम कृष्ण कुमार पासी मुस्तफा अली अजय गौतम दर्शन अंबेडकर दुर्गादास अभिनव शरण गौतम लल्लन प्रसाद पासवान मेवालाल भास्कर अनिल कुमार गौतम नवमी लाल मुन्ना लाल कोरी विजय वर्मा रविंद्र भारती अमरनाथ शर्मा सुरेश कुमार कोरी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जर्जर सरकारी आवासों में रहने को मजबूर जनता के रखवाले

गोसाईगंज–अयोध्या। यूपी पुलिस के जवान दिन–रात जनता की सुरक्षा में तैनात रहते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा भगवान भरोसे है। गोसाईगंज के कोतवाली में जर्जर हो चुके सरकारी आवासों में पुलिसकर्मी अपनी जान जोखिम में डालकर रहने को मजबूर हैं। इसकी वजह यह है कि कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों के रहने के लिए कोई और आवास नहीं हैं। जिले में यूं तो विकास के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं आ रहे हैं, लेकिन कोतवाली के जर्जर भवन में रह रहे पुलिसकर्मियों की जान की फिक्र किसी को नहीं है। हादसे को न्यौता दे रहे इन आवासों में मजबूरी के चलते कई पुलिसकर्मी रह रहे हैं। वर्षों पहले बने आवास आज पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। कोतवाली के भवन रजिस्टर में इनको करीब चार वर्ष पूर्व निष्प्रयोज्य दर्ज कर दिया गया है, लेकिन आज तक ना तो इन आवासों को हटाया गया है और ना ही कोई नवनिर्माण यहां शुरू हुआ है। लिहाजा सर्दी हो या बरसात या फिर आंधी का मौसम, हर स्थिति में गोसाईगंज कोतवाली में तैनात कई पुलिसकर्मी यहां रहना पड़ रहा है। जर्जर आवास में रहने वाले एक हेड कॉन्स्टेबल ने कहा कि क्या करें, कहां जाएं रहने के लिए जगह ही नहीं है। इन आवासों में कुछ कर्मचारी रहते हैं। जबकि आवास पूरी तरह से जर्जर हो चुके हैं। भवन बनने के लिए योजना आई है। पिछले वर्ष से योजना की प्रक्रिया चल रही है। हादसों को दावते दे रही इन आवासों में कई पुलिसकर्मी रहते हैं। रहने के लिए और आवास नहीं तो सभी अपनी जान जोखिम में डाल कर यहां रहते हैं।

# बिना नोटिस किसानों की फसल की जा रही नष्ट

## भाकियू के नेतृत्व में किसानों ने हरी फसल लेकर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

अयोध्या। पूरा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत तिहूरा माझा व मांझा बरेहटा के किसानों ने . थीम पार्क तिहुरा मांझा के निकट प्रदर्शन किये। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव के नेतृत्व में किसानों ने प्रदर्शन किए। किसानों की मांग रही की अयोध्या बालू घाट बंधा तिराहे से लेकर दशरथ समाधि पूरा ब्लॉक तक बंधे सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। बंधो सड़क के बगल की गेंहू व गन्ना की फसल को पीडब्ल्यूडी के ठेकेदार द्वारा नष्ट किया जा रहा है। बंधा के बगल खेती किसानी करने वाले किसानों को ना तो अब तक उचित मुआवजा दिया गया है। ना ही कोई नोटिस दिया गया है। बावजूद इसके इनकी फसलों को नष्ट किया जा रहा है। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि यहा पर ठेकेदार और अधिकारियों का रवैया ठीक नहीं है। बिना नोटिस व बिना मुआवजे के बंधा चौड़ीकरण सड़क निर्माण के चलते सैकड़ों किसानों की फसल को रौदा जा रहा है। उन्होंने आक्रोश भरे शब्दों में कहा कि यदि किसानों की मांगे पूरी नहीं हुई तो प्रदर्शन और उग्र होगा। उन्होंने कहा कि अब तक शासन–प्रशासन स्थानीय थाना अयोध्या कोतवाली में इसकी लिखित सूचना दी गई है। लेकिन अभी तक किसानों को न्याय नहीं मिला है। इसी के चलते आज पीड़ित किसान थीम पार्क तिहुरा मांझा के निकट प्रदर्शन किया गया किसान पैदल मार्च करते हुए बालु घाट ओबरब्रिज के पास कोतवाली प्रभारी अयोध्या को ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर पीड़ित किसान भोला यादव वीरेंद्र यादव ,दयाराम, अमरजीत, राजाराम, रमाकांत, मीरा ,भगवती , चंद्रबली , दान बहादुर सियाराम, माधुरी, रंजनी , शिवराम ,उर्मिला, श्रीमती और दुर्गेश सहित अन्य किसान उपस्थित रहे और विरोध प्रकट किये।

# नकली नोट छाप रहे इंजीनियर,पीएचडी छात्र समेत तीन लोगो को क्राइम ब्रांच व पुलिस की संयुक्त टीम ने दबोचा

### फिरोजाबाद से नकली नोट छापने का चल रहा था धंधा

कानपुर। इंजीनियर और पीएचडी की डिग्री की हासिल करने के बाद भी तीन लोगो ने अपराध का रास्ता अख्तियार कर लिया। अपराध भी कोई छोटा मोटा नहीं बल्कि देशद्रोह यानी नकली भारतीय मुद्रा को छापने का। कानपुर की कमिश्नरेट पुलिस ने ऐसे ही भारतीय मुद्रा छापने वाले तीन लोगो को गिरफ्तार किया है।

जिनके पास से पुलिस ने नकली भारतीय करेंसी बरामद की है। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गोविंद नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच और अन्य टीमों ने एक अभियुक्त विमल सिंह चौहान को पकड़ा। जब उसकी चेकिंग की गई तो उसके कब्जे से 459050 की जाली भारतीय मुद्रा बरामद हुई। गिरफ्तारी के बाद पूछताछ करने पर विमल ने बताया कि मैं अपने दो दोस्त कुंवर सौरभ और छोटू के साथ फिरोजाबाद में नकली नोट छापते हैं। नकली नोट छापकर प्रदेश के अलग–अलग जनपदों में खपाते हैं,जिसके बाद थाना गोविंद नगर व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम विमल को साथ लेकर जनपद फिरोजाबाद रवाना हुई। फिरोजाबाद के सिरसागंज में दो व्यक्तियों को पकड़ा गया,और उनकी तलाशी ली गई तो उनकी जेब से जाली भारतीय मुद्रा बरामद हुई। दोनों से पूछताछ की गई तो एक व्यक्ति ने अपना नाम अनुज कुमार तथा दूसरे ने अपना नाम सौरभ सिंह बताया। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने बताया की हम लोग गोदाम में जाली नोट को छापते हैं। पुलिस ने गोदाम से नकली नोट छापने वाला प्रिंटर,स्याही, पेपर,कांच के ग्लास व कूटरचित भारतीय मुद्रा मिली। गिरफ्तारी और बरामदगी करने वाली टीम को पुलिस आयुक्त बी पी जोगदंड ने 50000 का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। आरोपियों ने यह कबूला: आरोपी कुंवर अनुज कुमार उर्फ छोटू ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसने भीलवाड़ा राजस्थान से टेक्सटाइल में बीटेक इंजीनियर की डिग्री ली हुई है तथा वर्तमान में कोई जॉब नहीं कर रहा है। अभियुक्त सौरव सिंह ने पीएचडी की डिग्री ली है तथा वर्तमान में ईंटों का भट्ठा का संचालक है। विमल सिंह चौहान ने बीए स्नातक डिग्री ली हुई है तथा अपनी गाड़ी चलाता है।

## अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता 24 से

अयोध्या। उप्र खेल निदेशालय के तत्वावधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय के संयोजन में डॉ. भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में 24 फरवरी से चार दिवसीय अखिल भारतीय पुरुष प्राइजमनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित एक दर्जन टीमें प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के मैच दूधिया रोशनी में भी खेले जाएंगे। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी व आयोजन सचिव चंचल मिश्रा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे देश से 12 प्रमुख टीमें पंजाब पुलिस, राजस्थान एकादश, बीईजी रूड़की, एयरफोर्स बंगलुरु , इंडियन नेवी दिल्ली, एनईआर गोरखपुर, एलपीएन क्लब दिल्ली, स्पोर्ट्स ट्रेनिंग सेंटर ( साई) कुरुक्षेत्र, सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा, जाट रेजिमेन्ट बरेली, कंबाइंड हॉस्टल उप्र तथा डीएवी कॉलेज चंडीगढ़ प्रतिभाग करेंगी। आरएसओ ने बताया कि प्रतियोगिता में दो दर्जन से अधिक अंतरराष्ट्रीय स्तर तक के खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में विजेता टीम को दो लाख नकद तथा उप विजेता टीम को एक लाख नकद जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता का उद्घघाटन 24 फरवरी को सायं चार बजे प्रदेश के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चंद्र यादव बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण 27 फरवरी को होगा। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह व विशिष्ट अतिथि वॉलीबॉल संघ के अवैतनिक सचिव सुनील तिवारी होंगे।

## न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

जौनपुर अधिवक्ता संघ बदलापुर के समर्थन में मछलीशहर तहसील अधिवक्ता भी उतर आये। अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुये जमकर नारेबाजी किया और न्यायिक कार्य से विरत रहे। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद की अध्यक्षता में अधिवक्ता भवन में अधिवक्ताओं की आकस्मिक बैठक सम्पन्न हुई।जिसमें अधिवक्ताओं ने बदलापुर में उपजिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ता का चौंबर तोड़फोड़ करने, गिरवाने व अधिवक्ताओं के साथ दुर्व्यवहार करने की भर्त्सना की गई । सर्व सम्मति से बदलापुर अधिवक्ता संघ के समर्थन में न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया।बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर तहसील में नारेबाजी किया। महामंत्री बनवारी राम मौर्य, दिनेश चंद्र सिन्हा, अमित सिंह,अशोक मिश्रा सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित थे।

## मड़हा जलाने का आरोप

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के मनिहागोविंदपुर गांव में रात रामबली के मड़हे में आग लग गयी। जिससे मड़हा जलकर राख हो गया। मड़हा में बंधे मवेशियों को बाहर कर दिया गया। जिसमें से एक गाय झुलस कर घायल हो गयी। रामबली का उसके भाई रामधनी से जमीनी विवाद है। उसने पुलिस को दिये तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके भाई की पत्नी ने ही छप्पर जलाया है। मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# भव्य कलश यात्रा निकाल खाटू श्याम की पूर्ति प्रतिष्ठा की गई

सहारनपुर। बाबा लाल दास रोड स्थित गाँधी कॉलोनी श्री शिव मंदिर जी में श्याम बाबा के आशीर्वाद से श्री बालाजी लखदातार श्यामप्रेमी संगठन द्वारा द्वितीय श्याम बाबा की छवि श्री शिव मंदिर जी में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कर वेदी में विराजित की गई। संगठन के अध्यक्ष वैभव जैन,महामंत्री आशीष शर्मा ने बताया कि संगठन द्वारा जिला सहारनपुर के समयानुसार प्रत्येक मंदिर जी में बाबा की छवि लगाने का संकल्प लिया गया है,जिसके अंतर्गत हम आने वाले वर्षो बाबा की छवि लगाने का कार्य करेंगे,हम सहारनपुर के सभी मंदिरों की कमेटी से आग्रह करते है, की कही हम न पहुँच पाए तो वो भी हमसे सम्पर्क कर ये कार्य करवा सकते है। संगठन के उपाध्यक्ष राहुल अग्रवाल व कोषाध्यक्ष हर्षित गर्ग ने कहा की श्री बालाजी लखदातार श्यामप्रेमी संगठन 108 श्याम प्रेमियों का संगठन है, जोकि अपने उद्देश्य को लेकर आने वाले वर्षों में प्रत्येक माह भिन्न–भिन्न मंदिरों में बाबा की छवि लगाने का कार्य कर रहा है, जिसमें सभी श्याम प्रेमी भर चढ़कर हिस्सा ले रहे है,एवं श्री खाटू नरेश का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है। संगठन के मुख्य सलाहकार राजा जैन,संयोजक विशाल वर्मा,व निकुंज बंसल ने अपने संबोधन में कहा इस माह द्वितीय शीश श्री श्याम बाबा का गाँधी कॉलोनी स्थित बाबा लाल दास रोड पर श्री शिव मंदिर में विराजमान किया गया है, जिस की प्राण प्रतिष्ठा पंडित कन्हैया शर्मा द्वारा विधि विधान से संपूर्ण कराई गई, व श्री बालाजी लखदातार श्यामप्रेमी संगठन परिवार द्वारा श्याम बाबा का अमृतमयी भंडारे का आयोजन भी किया गया, सभी संगठन परिवार के श्याम प्रेमियों ने इस पुण्य कार्य में तन मन धन से बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और बाबा श्याम का आशीर्वाद लिया। इस शुभ अवसर पर मंडल के संरक्षक मनीष लोहान जी,विनय जैन जी, मुख्य सलाहकार राजा जैन जी ,संगठन के अध्यक्ष वैभव जैन व उपाध्यक्ष राहुल अग्रवाल, महामंत्री आशीष शर्मा, कोषाध्यक्ष हर्षित गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार मित्तल,विशाल वर्मा,निकुंज बंसल, सौरभ बंसल,शिवम भाटिया,विकास गुप्ता,दीपक सैनी,अनमोल जैन,सौरभ जैन,नीतीश गोयल,अनुज गोयल,दीपक कुमार(नोनू),कमल कश्यप, शेंकि सिंघल,प.कन्हैया शर्मा,प.अरविंद मिश्रा, एवं मन्दिर कमेटी से देव शर्मा, मित्र सेन चौहान,नवीन चौहान,आँचल जैन,मीनाक्षी गर्ग,प्रीति वर्मा,अवनी,आराध्या, अमेय,आदि संगठन परिवार के सदस्यगण मां शक्ति मौजूद रहे। उत्सव का भव्य संचालन राजा जैन द्वारा किया गया।

## अयोध्या धाम के गाइड के पिता का अपहरण

अयोध्या। प्रलोभन देकर एक मानसिक रूप से अस्वस्थ अधेड़ को उसके ससुराल से ही गायब कर दिया गया। अपहृत अधेड़ अयोध्या धाम के गाइड अभिषेक सावंत के पिता हैं। पीड़ित पुत्र ने अज्ञात लोगों पर पिता के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। मामला थाना पूराकलंदर क्षेत्र के नगरिया गांव का है। नगर कोतवाली क्षेत्र के मुकेरी टोला, रिकाबगंज निवासी अभिषेक ने पुलिस को दिए गए तहरीर में कहा है कि पिता संजय कुमार उम्र करीब 55 वर्ष पूराकलंदर थाना क्षेत्र के नगरिया गांव में अपने ससुराल में रहते थे। 20 फरवरी शाम करीब 4.30 बजे फोन आया कि कुछ लोग आए थे जो जबरदस्ती उनको उठा ले गए हैं। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पा रहा है। पीड़ित पुत्र का कहना है कि पिता मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं जिनका कुछ लोगों ने प्रलोभन देकर अपहरण कर लिया है। पूराकलंदर पुलिस से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी पूराकलंदर कृष्ण कुमार मिश्र ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में निकाली जाएगी नरसिंह भगवान की भव्य शोभायात्रा

## कार्यक्रम की सफलता हेतु बैठक कर बनाई गई रणनीति





दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। मंगलवार देर सांय शाहपुर स्थित हिन्दू भवन पर धर्म रक्षा मंच के मुख्य संरक्षक व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में होली पर भगवान नरसिंह की आरती व भव्य शोभायात्रा कार्यक्रम की सफलता हेतु बैठक कर रणनीति बनाई गई। धर्म रक्षा मंच के संरक्षक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग बैदौला चौराहा पर एकत्रित होकर भगवान नरसिंह जी की आरती करने के उपरान्त भगवान नरसिंह की भव्य झांकी व शोभायात्रा में शामिल होंगे। शोभायात्रा बैदौला चौराहे से प्रारम्भ होकर मन्दिर चौराहा, थाना, पुरानी बाजार होते हुए हनुमान मंदिर तेलियाना मोहल्ला पहुंचकर प्रसाद वितरित कर समाप्त की जाएगी। उन्होंने सभी से इस बार गुलाल का टीका लगाकर एक दूसरे से सौहार्द और शांतिपूर्ण तरीके से होली त्योहार मनाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि होली सहित अन्य त्योहारों के समय जो लोक परंपराएं थीं, वे आज समाप्त होती जा रही हैं। बहुत कम युवाओं को अपनी माटी से जुड़ी परंपराओं की जानकारी होती है। पुराने समय के दौरान त्योहारों पर जो उत्सव और उल्लास होता था, उसका सामाजिक तौर पर आपसी संबंधों को मजबूत रखने में अहम योगदान रहा है। अब ये त्योहार केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं। ऐसे में अपनी परंपरा को जीवित रखने के लिए त्योहारों को फिर से उसी पुराने अंदाज में मनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। उत्साह व उमंग के साथ–साथ इस त्योहार में स्वास्थ्य का भी ख्याल रखना जरूरी है। रंग के इस त्योहार में सावधानी नहीं बरतने पर काफी नुकसान हो सकता है। ऐसे में जरूरी हो गया है कि रासायनिक व केमिकल रंगों को त्याग कर गुलाल व फूलों से होली खेली जाएं। उन्होंने भगवान नरसिंह महाआरती आयोजन समिति भरत चौक बैदौला चौराहा का गठन कर लोगों को जिम्मेदारियां देते हुए सभी से कार्यक्रम की भव्यता हेतु तैयारियों में जुट जाने का आवाहन किया। इस दौरान विनोद श्रीवास्तव, बिंदराज सोनी, राजेश शर्मा, आशीष उर्फ पिंटू कसौधन, रमेश श्रीवास्तव, लवकुश ओझा, मधुसूदन अग्रहरि, राजीव कुमार, शत्रुहन सोनी, कमलेंद्र त्रिपाठी, अशोक अग्रहरि, चंद्रभान अग्रहरि, सुगंध अग्रहरि, आशीष श्रीवास्तव एडवोकेट, बच्चाराम पासवान आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# गड्ढे के भीटे व सड़क के पटरी पर अतिक्रमण व अवैध कब्जा हटाने की मांग

दैनिक बुद्ध का संदेश

**■ बर्डपुर नम्बर 11 महापाली दक्षिण में गड्ढे व सड़क के किनारे अतिक्रमण व अवैध कब्जा**

सिद्धार्थनगर। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर 11 के टोला महापाली दक्षिण में गांव के पूर्व सरकारी गड्ढा है, जो गांव में जाने वाली मुख्य पिच मार्ग से सटा हुआ है। गांव के तीन–चार व्यक्तियों द्वारा गड्ढे के भीटा व गांव के मुख्य मार्ग सड़क के पटरी के किनारे कण्डा, लकड़ी, घूर



बनाया गया है। एंव भैंस बाधा जा रहा है। गांव वासियों के कहने के बाद भी अतिक्रमण को नही हटाया जा रहा है। जिसके लिए ग्रामीणों के द्वारा सदर एसडीएम व तहसीलदार को प्रार्थना पत्र भी दिया गया था। मौके पर हल्का लेखपाल द्वारा जाकर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी भी उक्त व्यक्तियों को दी गई थी। उसके बाद भी अतिक्रमण नही हटाया जा रहा है। ग्राम पंचायत सदस्य सुधीर कुमार ने अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने की मांग जिला व तहसील प्रशासन से की है।

# मातृभाषा दिवस का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बुद्धवार को जन शिक्षण संस्थान सिद्धार्थनगर द्वारा



क्या हाई स्कूल का नाम है अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर कमपोजिट विद्यालय मधुकरपुर विकासखंड नौगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर में मनाया गया कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधुरानी शाही जी द्वारा बच्चों को मातृभाषा के विषय में विस्तार रूप से जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिका शिखा, नेहा पूर्णिमा, सुषमा ने बच्चों को मातृभाषा दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के वाक्यों द्वारा जानकारी प्रदान करें कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान के कार्यवाहक निदेशक दिलीप कुमार सिंह संस्थान के लेखा अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता सहायक कार्यक्रम अधिकारी रंजना सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में सभी को जलपान कराया गया और कार्यक्रम का समापन किया गया।

# गौ संरक्षण अभियानः निराश्रित गोवंश को पकड़ने का अभियान शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश





सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रमुख योजनाओं में से एक गौ संरक्षण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी,सिद्धार्थनगर के निर्देश के क्रम में आज जनपद सिद्धार्थनगर सभी विकास खंडो में खेतों, सड़कों पर विचरण कर रहे निराश्रित गोवंश को पकड़कर गौशालाओं में संरक्षित करने का अभियान पूरे दिन चलाया गया। नगर पालिका परिषद, सिद्धार्थनगर में सुबह 6:00 बजे से हीं प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आरबी यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति और नगर पालिका परिषद के सुपरवाइजर दीपक श्रीवास्तव अपनी पूरी टीम के साथ निराश्रित गोवंश को सनई चौराहा, कलेक्ट्रेट, बीएसए ग्राउंड, उसका बाजार रोड से पकड़कर नजदीकी महरिया गौशाला में पहुंचाया गया। इस अभियान में लगे विकास विभाग, नगर निकाय विभाग एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के आपसी समन्वय से यह अभियान सफल हुआ। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों ने नोडल अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रभारी मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आरबी यादव ने सभी जनपद वासियों से इस अभियान मेंभाग लेने की अपील पर मा सदस्य जिला पंचायत नंदकिशोर शर्मा उर्फ गुड्डू ने भी सनई चौराहे से पशुओं को एकत्रित कर पकड़वाने में मदद की। उक्त जानकारी पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति ने दी।

# पाक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। खेसरहा थाना क्षेत्र में अपराध की रोक थाम हेतु पुलिस अधीक्षक डा0 अमित कुमार आन्नद के आदेश के क्रम में चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में खेसरहा पुलिस ने संगीन आरोप में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। खेसरहा थाना क्षेत्रान्तर्गत कुर्थिया पुलिस चौकी के एक गाँव निवासी किशोरी ने थाने पर तहरीर देकर अपने ही गाँव निवासी एक युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कार्यवाई की मांग किया था! मामले की गंभीर प्रकृति को देखते हुए पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मु0अ0सं0 37ध्23 धारा 376 (2) (छ), 506 प्च्ब् व 5ध्6 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश कर रही थी। इस बावत थानाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को बुधवार को कुर्थिया चौकी क्षेत्र के लक्ष्मी गंज चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कुर्थिया चौकी इंचार्ज उ0नि0 अमित कुमार, का0 मनोज कुमार तथा का0 आशीष यादव भी शामिल रहे।

# 639 पैकेट नेपाली सिगरेट के साथ युवक धराया

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु,सिद्धार्थनगर। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा अलीगढ़वा




में सीमा पर एसएसबी के जवानों ने गस्त के दौरान 639 पैकेट नेपाली सिगरेट के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मंगलवार देर रात्रि जवान सीमा पर गस्त कर रहे थे। इसी दौरान एक युवक बोरी में रखकर सीमा पार किया। जवानों ने उसको रोक कर तलाशी लिया। जिसमे सिगरेट भरा दिखाई दिया। जिसे कैंप लाकर पूछताछ किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान इजहार अहमद पुत्र अब्दुल कलाम निवासी देवियापुर, पिपरसन थाना मोहाना के रूप में हुई। सिगरेट के साथ युवक को कस्टम कार्यालय ककरहवा भेज दिया गया। गिरफ्तारी में देवांशु कुमार, राम बाबू शुक्ला, राकेश प्रसाद शामिल रहे।

# कार्ड धारकों की शिकायत सही पाए जाने पर मसिना खास के राशन की दुकान निलंबित

दैनिक बुद्ध का संदेश

बांसी,सिद्धार्थनगर। विकास खंड मिठवल के सरकारी सस्ते राशन के दुकानदार द्वारा कार्ड धारकों को निश्चित मात्रा से कम मात्रा में राशन दिए जाने के मामले में ग्रामीणों द्वारा उपजिलाधिकारी बांसी से शिकायत अगस्त माह में किया गया था। शिकायत सही पाए जाने पर कोटे की दुकान को निलम्बित कर बगल के कोटेदार से संबद्ध कर दिया गया है। विदित हो कि 20 अगस्त 2022को ग्राम पंचायत मसिना खास के दर्जन भर से अधिक कार्डधारकों ने उपजिलाधिकारी बांसी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया। उपजिलाधिकारी बांसी प्रमोद कुमार ने आपूर्ति निरीक्षक को जांच कर आख्या मांगी। आपूर्ति निरीक्षक द्वारा ग्राम पंचायत मसिना में पहुंच कर लगभग दो दर्जन से अधिक कार्डधारकों का वयान लिया जिसमें ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई। शिकायत सही पाए जाने पर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने 16 फरवरी 2023 को कोटेदार सत्यभामा पत्नी विक्रम का कोटा निलंबित कर बगल के ग्राम सेमरहना की कोटेदार मती शिमला के दुकान से संबद्ध कर दिया गया है।

# 11 विभागाध्यक्षो पर जिलाधिकारी संजीव रंजन की कड़ी नाराजगी

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जनपद में आई0जी0आर0एस0 द्वारा प्राप्त शिकायतो के निस्तारण में रूचि न लेने वाले 11 विभागाध्यक्षो पर जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया गया है कि आई0जी0आर0एस0 द्वारा प्राप्त शिकायतो का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा है कि जन शिकायतोंध्सन्दर्भो के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मुख्यमंत्री की प्राथमिकता है। जिलाधिकारी द्वारा प्रकरणों के शिकायतों का निस्तारण में लापरवाहीधशिथिलता बरतने के कारण 11 अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने तथा उनका वेतन बाधित करने का निर्देश दिया गया है। जिला सूचना कार्यालय, सिद्धार्थनगर द्वारा जनहित में जारी।

# मुख्य विकास अधिकारी ने चलाया गौवंश को लेकर विशेष अभियान





दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार विशेष अभियान चला कर निराश्रित गौवंश को गौशाला में संरक्षित करने का कार्य किया जा रहा है। इस अभियान का निरीक्षण जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा विकास खण्ड शोहरतगढ के ग्राम पल्टा देवी, ग्राम गौहनिया, ग्राम मेहनौली, ग्राम संतोरी तथा विकास खण्ड बढ़नी के अन्तर्गत सिसवा तुसलियापुर देबरूआ मार्ग के समीप ग्राम एवम पिकौरा गौशाला में निराश्रित गौवंश के संरक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस अभियान के लिए सभी विकास खण्ड में पर्यवेक्षण के लिए जनपद स्तरीय अधिकारीध्नोडल अधिकारी लगाया गया है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवम जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण द्वारा इस अभियान का निरीक्षण किया जा रहा है।



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज संतोषजनक बजट पेश किया गया। जिसमें सभी वर्गो का ध्यान रखा गया। विशेष रुप से दिव्यांगों और कुष्ठ रोगियों के लिए पारित बजट की मैं प्रशंसा करता हूं और जिस प्रकार से सरकार ने पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के आवास के विषय में बजट का प्रावधान रखा, उसी प्रकार से अन्य विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों के लिए भी आवास के विषय में सरकार को चिंता करनी चाहिए तथा साथ ही साथ कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी पुरानी पेंशन व्यवस्था को बहाल करने पर भी पुनर्विचार करना चाहिए। अरुण कुमार प्रजापति, मंडल अध्यक्ष–राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश।



दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बजट में पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा होनी चाहिए थी। कोरोना काल के महंगाई व अन्य भत्ते के भुगतान होना चाहिए। संविदा कर्मियों के लिए भी कोई महत्वपूर्ण घोषणा नहीं हुई है। सरकार के बजट से कर्मचारियों एवं शिक्षकों में निराशा है। रामकरन गुप्ता, जिलाध्यक्ष कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा।

## कर्मचारियों की बातें



सिद्धार्थनगर। राज्य कर्मचारियों की उम्मीद के अनुसार बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। पुरानी पेंशन बहाली की मांग पर कोई सकारात्मक घोषणा नहीं हुई। बजट से कर्मचारी मायूस हुए हैं। सुजीत जायसवाल, जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद।

## सम्पादकीय

**एक अन्य मुखर सदस्य शशि थरूर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ कर आजमा चुके हैं और इसलिए उन्होंने ऐलान कर दिया है कि अगर सीडब्लुसी का चुनाव होता है तो वे नहीं लड़ेंगे। जी–23 के मुखर और बड़े नेताओं में एक आनंद शर्मा हैं, जो अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत के बाद से शांत पड़े हैं। उनको पता है कि...**

# सीडब्लुसी का चुनाव लड़ेगा कौन!




कांग्रेस के रायपुर अधिवेशन में कार्यसमिति यानी सीडब्लुसी का चुनाव नहीं होगा। हालांकि अभी तक आधिकारिक रूप से ऐसा नहीं कहा गया है कि चुनाव नहीं होगा लेकिन जानकार नेताओं का कहना है कि इसक फैसला हो चुका है कि चुनाव नहीं होगा। सिर्फ घोषणा बाकी है, जो अधिवेशन के पहले दिन यानी 24 फरवरी को हो जाएगी। पार्टी की ओर से आधिकारिक रूप से इतना बताया गया है कि 24 फरवरी को रायपुर में पार्टी की स्टीयरिंग कमेटी की बैठक होगी। ध्यान रहे इस स्टीयरिंग कमेटी में पुरानी सीडब्लुसी के सारे सदस्य हैं और उनके अलावा पार्टी के पदाधिकारी हैं। स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में तय किया जाएगा कि सीडब्लुसी के चुनाव कराए जाएं या नहीं। सीडब्लुसी के चुनाव कराने की जरूरत इसलिए नहीं है क्योंकि चुनाव लडने वाला कोई नहीं है। चुनाव का मजा तो तभी होता है, जब कोई लड़े लेकिन कांग्रेस में अब कोई लडने वाला नहीं बचा। जो लड़ सकते थे वे या तो पार्टी से बाहर हो गए हैं या उनको मनमाफिक पद दे दिया गया है। इसलिए पार्टी में जो हैं वे आलाकमान के कृपापात्र ही हैं, जिनको उनकी हैसियत के हिसाब से पद दे दिया जाएगा। याद करें दो साल पहले कैसे कांग्रेस में एक जी–23 बना था, जिसने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को चुनौती दी थी और पार्टी के हर पद पर चुनाव कराने की मांग की थी। लेकिन अब यह जी–23 कहीं नहीं है। कांग्रेस में 23 नेताओं का जो गुट बना था उसके नेता सीडब्लुसी का चुनाव लड़ सकते थे। लेकिन उनके अघोषित प्रमुख गुलाम नबी आजाद पार्टी छोड़ कर जां चुके हैं। दूसरे सबसे मुखर सदस्य कपिल सिब्बल भी पार्टी छोड़ चुके हैं और समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा सांसद बने हैं। इस समूह के एकमात्र जन समर्थन वाले नेता भूपेंदर सिंह हुड्डा थे, जिनको हरियाणा की कमान मिल गई है। वहां उनकी पसंद का प्रदेश अध्यक्ष बना कर एक तरह से अगले चुनाव का चेहरा बना दिया गया है। उनके विरोधी या तो राज्य की राजनीति से बाहर हैं या हाशिए पर डाल दिए गए हैं। एक अन्य मुखर सदस्य शशि थरूर राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव लड़ कर आजमा चुके हैं और इसलिए उन्होंने ऐलान कर दिया है कि अगर सीडब्लुसी का चुनाव होता है तो वे नहीं लड़ेंगे। जी–23 के मुखर और बड़े नेताओं में एक आनंद शर्मा हैं, जो अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की जीत के बाद से शांत पड़े हैं। उनको पता है कि वे अपनी प्रासंगिकता गंवा चुके हैं। इस ग्रुप के एक अन्य सदस्य राज्यसभा सांसद अखिलेश सिंह को बिहार प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया गया है। ले देकर मनीष तिवारी अकेले नेता हैं, जिनकी थोड़ी बहुत हैसियत है सबको पता है कि वे इन दिनों आम आदमी पार्टी के साथ नजदीकी बढ़ाने में लगे हैं। सो, कांग्रेस में कोई बड़ा नेता बचा ही नहीं, जो सीडब्लुसी का चुनाव लड़े।

# रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम बन सकता है मानस गायन



श्रीरामचरित मानस का श्रवण कर्ण प्रिय होता है। इसका सस्वर वाचन अंतः करण की शुद्धि का माध्यम है। आप देखेंगे तो पाएंगे कि एक मोहल्ले में प्रतिदिन एक घर में श्री रामचरित मानस का पाठ प्रायः होता रहता है। तथ्य यह है कि 24 घंटे वाले पाठ करवाने के लिए रामायण की टोली पांच हजार रूपए से लेकर दस हजार रूपए तक लेती है। एक अनुमान के मुताबिक इस तरह देश भर में श्रीरामचरित मानस के पाठ द्वारा करीब दस लाख रुपए की आय रामायण वाचन करने वाली टोली को प्रतिदिन होती है। यह सिर्फ उत्तर प्रदेश की बात नहीं है बल्कि हरियाणा में भी श्रीरामचरित मानस अपने मूल रूप में वाचित किया जाता है। गौरतलब है कि साज बाज के साथ श्री रामचरित मानस का पाठ करने वाली टोली को 20 से 25 हजार रूपए तक की आय भी हो जाती है। एक रामायण वाली टोली में दस से बारह लोग होते हैं। ध्यातव्य है कि एक रामायण पाठ करने वाली टोली के प्रत्येक सदस्य की आय प्रतिमाह 5 से 10 हजार रूपए प्रतिमाह हो जाती है। इससे आस पास के ग्रामीण समाज में धार्मिक वातावरण तो सृजित ही होता है। इसके साथ ही आय का साधान भी तैयार हो जाता है। सबसे बड़ी बात यह है कि बिना किसी सरकारी प्रोत्साहन के बड़ी संख्या में श्रीरामचरित मानस की ये टोलियां स्वतः उद्भूत चेतना संपन्न हैं। ध्यातव्य है कि यदि रामायण वाचन करने वाली इन टोलियों को सरकारी प्रोत्साहन दिया जाए और ग्रामीण प्रतिभाओं को मानस वाचन, गायन में सन्नद्ध किया जाए तो यह एक बड़े रोजगार सृजन का माध्यम बन सकता है।

**विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# अमेरिका के पूंजीपति जॉर्ज सोरोस के खतरनाक सपने

**राष्ट्रपति पुतिन ने सोवियत संघ का विघटन देखा है। वह रूस के विघटन के लिए प्रेरित किसी भी प्रयास को असफल बनाने को किसी भी हथियार का प्रयोग करने से पीछे नहीं हटेंगे। हाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पुतिन से बंद कमरे में लंबी बातचीत की थी। बातचीत का ब्यौरा तो नहीं है, लेकिन संभव है कि उन्होंने भावी चुनौतियों के बरक्स साझा रणनीति पर विचार किया हो...**

डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिका के पूंजीपति जॉर्ज सोरोस के बयान को भारत ने गंभीरता से लिया है।

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में सोरोस के भाषण को पहले केवल एक बकवास और बूढ़े आदमी की भड़ास के रूप में लिया जा रहा था, लेकिन विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पूरे प्रकरण को दुनिया के भू–रणनीतिक हालात के प्रकाश में समझने और समझाने का प्रयास किया है। उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में केवल सोरोस ही नहीं, बल्कि अमेरिका और पश्चिमी देशों के सत्ता प्रतिष्ठानों, थिंक टैंक और मीडिया को भी कठघरे में खड़ा किया है। सोरोस ने अपने बयान में भारत में सत्ता परिवर्तन और रूस के विघटन का दिवास्वप्न देखा था। उसने चीन में कम्युनिस्ट शासन के विरुद्ध (प्रति) क्रांति की भी आशा व्यक्त की थी। रूस और चीन की ओर से सोरोस के बयान पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन जयशंकर ने सोरोस जैसे लोगों और संस्थाओं बखिया उधेड़ दी। जयशंकर के बयान से अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में खलबली मच गई होगी। जयशंकर ने कहा कि सोरोस न्यूयॉर्क में बैठा एक बूढ़ा अपनी राय के प्रति हठधर्मी धनपशु है, लेकिन यदि वह केवल इतना होता तो उसके बयान को नजरअंदाज किया जा सकता था। जयशंकर के अनुसार सोरोस एक खतरनाक आदमी भी है। सोरोस अपने आप को स्वयंभू न्यायाधीश मानता है जिसे यह तय करने का अधिकार है कि कोई देश या नेता लोकतांत्रिक है या नहीं। इतना ही नहीं जिस देश या नेता को वह लोकतांत्रिक नहीं मानता उसे अस्थिर बनाने के लिए आर्थिक संसाधन भी झोंकता है। जयशंकर ने वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव के पहले सोरोस जैसे लोगों और संस्थाओं के मंसूबों का पर्दापाश किया है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां विभिन्न देशों में सत्ता परिवर्तन का कुचक्र रचा जाता है। उनका इशारा अमेरिका और पश्चिमी देशों की शह पर अथवा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप से इराक, लीबिया, तत्कालीन यूगोस्लाविया में सत्ता परिवर्तन कराया गया। जयशंकर ने कहा कि भारत को औपनिवेशिक शासन का अनुभव है। इसके आधार पर हमें इस बात का भान है कि किस तरह किसी देश की घरेलू राजनीति पर शिंकजा कसा जाता है।




जयशंकर ने अपनी बेबाक और सख्त प्रतिक्रिया से बीबीसी डॉक्यूमेंट्री, फ्रीडम–हाउस और पश्चिमी मीडिया के मोदी विरोधी दुष्प्रचार का प्रभावी प्रतिकार किया। उन्होंने कहा कि सोरोस ने कुछ वर्ष पूर्व म्यूनिख सम्मेलन में कहा था कि भारत में लाखों मुसलमानों को नागरिकता से वंचित किया जा रहा है। ऐसा कुछ नहीं हुआ। लेकिन भय पैदा करने वाले बयान दिए जाते हैं तो इससे सामाजिक ताने–बाने को नुकसान पहुंचता है। कुछ नावाकिफ लोग ऐसे बयानों पर विश्वास भी कर लेते हैं। किसी देश का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि जब किसी देश या नेता के विरुद्ध आरोप गढ़े जाते हैं तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की आधारभूमि तैयार हो जाती है। सोरोस जैसे लोग संसाधन मुहैया कराते हैं। अनेक संस्थाएं खड़ी हो जाती हैं जो सत्ता परिवर्तन कराने के लिए जमीन पर काम करती हैं। हाल के दिनों में अमेरिका और ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों ने मोदी सरकार की प्रत्यक्ष रूप से कोई आलोचना नहीं की है, लेकिन जयशंकर के बयान से साबित होता है कि मोदी सरकार इस संबंध में बहुत सतर्क है। भारत में सत्ता परिवर्तन के किसी प्रयास को सरकार गंभीर चुनौती के रूप में ले रही है। सोरोस ने रूस के विघटन और चीन में कम्युनिस्ट शासन विरोधी विद्रोह होने की जो आशा व्यक्त की है, वह पश्चिमी देशों की सरकारों की रणनीति से मेल खाती है। अमेरिका और नाटो देशों ने यूक्रेन के जरिए रूस के विरुद्ध जो सैनिक अभियान चलाया है, उसका लक्ष्य राष्ट्रपति पुतिन को सत्ता से हटाना है। पश्चिमी देश एक देश के रूप में रूस के विघटन का सपना भी देख रहे हैं। उन्हें इस बात की चिंता नहीं है कि दुनिया में सबसे अधिक परमाणु हथियार वाले रूस के विघटन का क्या नतीजा होगा। राष्ट्रपति पुतिन ने सोवियत संघ का विघटन देखा है। वह रूस के विघटन के लिए प्रेरित किसी भी प्रयास को असफल बनाने को किसी भी हथियार का प्रयोग करने से पीछे नहीं हटेंगे। हाल में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने पुतिन से बंद कमरे में लंबी बातचीत की थी। बातचीत का ब्यौरा तो नहीं है, लेकिन संभव है कि उन्होंने भावी चुनौतियों के बरक्स साझा रणनीति पर विचार किया हो।

# उमा ने नहीं, लोधी वोटरों ने झुकाया सरकार को..

**वे उत्तरप्रदेश के जरिए बीजेपी में तो लौटी हैं लेकिन एमपी की राजनीति में अभी भी हाशिए पर हैं।जब तक शिवराज सीएम हैं तब तक इस बात की उम्मीद भी नही की जा सकती है। अपने अस्थिर चित्त की वजह से अपना बड़ा नुकसान कर चुकीं उमा अब आगे क्या करेंगी यह तो वक्त ही बताएगा।लेकिन लोधी समाज में उन्होंने जागृति ला दी है।वोट के चक्कर में सबके सामने झुक रही बीजेपी इसे कैसे ...**

अरुण दीक्षित

अंततः शिवराज सरकार झुक गई!उसने अपनी आबकारी नीति में बदलाव कर लिया है।इसे उमा भारती की जीत माना जा रहा है।लेकिन यह पूरा सच नही है।सच यह है कि प्रदेश के लोधी मतदाताओं के डर ने सरकार को फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया है।चुनावी साल है!इसमें आपको कई ऐसे फैसले देखने को मिलेंगे! पहले बात सरकार के फैसले की!रविवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने मंत्रिमंडल की खास बैठक बुलाई।आमतौर पर मंत्रिमंडल की बैठक मंगलवार को होती थी।यह पहले से पता था कि इस बैठक में अन्य फैसलों के साथ साथ नई आबकारी नीति भी तय होगी लेकिन फिर भी पूरे दिन अटकलों का दौर चलता रहा।शाम को बैठक हुई और नई नीति सामने आ गई! यह सब जानते हैं कि 20 साल पहले, अकेले अपने दम पर बीजेपी को सत्ता में लाने वाली उमा भारती आजकल राजनीति के बियाबान में अकेली भटक रहीं हैं।बीजेपी नेतृत्व ने उन्हें हाशिए पर धकेल दिया है।जो उनके अपने माने जाते थे वे साथ छोड़ कर जा चुके हैं।सत्ता के मजे ले रहे हैं। राजनीति की मुख्यधारा में वापसी के लिए छटपटा रहीं उमा ने हर हथकंडा अपनाया।कई बार नेतृत्व पर सवाल भी उठाए।साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यशगान भी किया।भोपाल से उत्तराखंड तक दौड़ती रही उमा को जब कोई रास्ता नहीं मिला तो उन्होंने प्रदेश में शराबबंदी का मुद्दा उठाया! पिछले दो साल से ज्यादा समय से उमा प्रदेश में शराबबंदी का मुद्दा उठा रही हैं।उन्होंने कई बार चिठ्ठियां लिखीं!ट्वीट किए!मीडिया से बात की।आंदोलन की धमकी दी!छोटे मोटे आंदोलन किए भी।शराब की दुकान पर पत्थर फेंके!शराब की दुकान के आगे गायों को घास खिलाई।साथ ही दुकान में गोबर भी फेंका।कुछ दिन एक दुकान के सामने धरना भी दिया। बीच बीच में मुख्यमंत्री से वार्तालाप भी किया।लेकिन मुख्यमंत्री नही पसीजे!उन्हें अपनी सरकार की कमाई दिख रही है।यही वजह है कि पिछले साल उमा की।मांगों को दरकिनार करते हुए उन्होंने शराब की दुकानों की संख्या दोगुनी कर दी!हालांकि इसके लिए नए लाइसेंस नही दिए!बस देसी की दुकान पर विदेशी और विदेशी की दुकान पर देसी शराब बेचने की इजाजत दे दी।दुकानें अपने आप दोगुनी हो गईं! बाद में सरकार ने शराबबंदी की जगह नशाबंदी की बात कही।उमा भी उस पर मान गईं लेकिन यह मामला भी हवा में ही तैरता रहा। जब किसी भी तरह सरकार बात मानने को तैयार नहीं हुई तो उमा भारती ने वह दांव चला जिसने बीजेपी और संघ दोनों के कानों में घंटियां बजा दीं। उमा भारती अचानक अपनी बिरादरी में लौट गईं।उन्होंने प्रदेश में लोधी समाज में अपनी सक्रियता बढ़ाई।इसका मौका भी उन्हें बीजेपी की प्रदेश इकाई ने दिया। उमा भारती के एक करीबी प्रीतम लोधी ने समाज की एक सभा में ब्राह्मणों पर टिप्पणी कर दी।अचानक कुछ ब्राह्मणों का सम्मान जाग गया।इस पर प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने प्रीतम लोधी को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया।हालांकि प्रीतम ने बिना शर्त माफी मांग ली थी।इस मामले ने तूल तब पकड़ी जब सनातन धर्म और ब्राह्मणों के स्वयंभू ठेकेदार बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री ने प्रीतम लोधी की ठठरी बांधने का ऐलान किया।शिवराज के मंत्री उनके दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। इसके बाद उमा सक्रिय हुईं।वे प्रीतम लोधी के घर पहुंची।उन्होंने बीजेपी के फैसले पर सवाल भी उठाया!लोधी समाज से अपने रिश्ते की बात कही।इसके साथ ही उमा एक बार फिर प्रदेश की लोधी राजनीति में सक्रिय हुईं। यह तथ्य सर्वविदित है कि प्रदेश की राजनीति में लोधी समाज की अहम भूमिका है।चार लोकसभा क्षेत्र और करीब दो दर्जन विधानसभा क्षेत्रों में लोधी मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं।यह संख्या और भी ज्यादा हो सकती है। पिछले विधानसभा चुनाव में लोधी प्रत्याशी बड़ी संख्या में विधानसभा के लिए चुने गए थे।लेकिन इनमें कांग्रेस के टिकट पर ज्यादा जीते थे।सब जानते हैं कि 2018 में बीजेपी विधानसभा चुनाव हारी थी। यह अलग बात है कि खरीद फरोख्त के आरोपों के बीच कांग्रेस के विधायकों को तोड़ बीजेपी ने 15 महीने बाद ही कांग्रेस से सत्ता छीन ली थी!तब कांग्रेस के टिकट पर जीते कई लोधी विधायक बीजेपी में शामिल हो गए थे।कुछ तो उमा का आशीर्वाद लेकर वापस घर लौटे थे। पिछले कुछ महीने से उमा लोधी समाज को एकजुट करने के काम में लगीं थीं।उनकी तैयारी करणी सेना की तर्ज पर शक्ति प्रदर्शन कराने की थी।इस बीच उन्होंने संघ प्रमुख से भी मुलाकात की थी।ओरछा जाकर रामराजा मंदिर के पास खुली शराब की दुकान का विरोध भी किया था। माना जा रहा है लोधी समाज की ष्एकताष ने शिवराज को अपना फैसला बदलने पर मजबूर किया है। हालांकि उमा बिहार जैसी शराबबंदी चाहतीं हैं।लेकिन फिलहाल सरकार ने फैसला किया है कि शराब की दुकानों के साथ मिलने वाली वहीं बैठकर पीने की व्यवस्था खत्म कर दी जाएगी।एक अप्रैल 2023 से शॉप बार और दुकानों से लगे अहाते बंद हो जाएंगे।स्कूल और पूजा स्थलों के पास शराब की दुकानें नही खुलेंगीं।जो हैं उन्हें कम से कम 100 मीटर दूर किया जाएगा। जिन दुकानों का विरोध हो रहा है उन्हें हटाया जाएगा।शराब पीने वालों को हतोत्साहित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे।प्रदेश में शराब बिकती रहेगी। उमा भारती ने सरकार के फैसले पर खुशी जाहिर की है।प्रदेश की महिलाओं की तरफ से सरकार का अभिनंदन किया है।मजे की बात यह है कि उन्होंने प्रीतम लोधी को गाली देने वाले धीरेंद्र शास्त्री को पुत्रवत बताया है। फिलहाल देखना यह है कि उमा अब क्या करेंगी?जो उन्हें करीब से जानते हैं वे यह भी जानते हैं कि उमा अपने ष्पुराने जख्मोंष को जल्दी से नही भूलती हैं।और यह बात सभी जानते हैं कि उमा की लाई सरकार पर काबिज होने के बाद शिवराज सिंह ने ही उन्हें प्रदेश छोडने को मजबूर किया था।



# महिला टी20 विश्व कप 2023 भारत बनाम आस्ट्रेलिया सेमीफाइनल में भारत को अपने खेल में सुधार करना होगा

केपटाउन। अभी तक महिला टी20 विश्व कप में उतार चढ़ाव भरा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को गुरूवार को यहां होने वाले पहले सेमीफाइनल में मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने खेल में काफी सुधार करना होगा। भारत पिछले पांच वर्षों में शीर्ष टीमों में शामिल रहा है लेकिन कोई बड़ी ट्राफी अपनी झोली में नहीं डाल सका है और उम्मीदों के अनुरूप उसने एक और आईसीसी टूर्नामेंट के अंतिम चार में प्रवेश कर लिया है। हालांकि भारतीय टीम बीते समय में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है, विशेषकर नॉकआउट मैचों में।

आस्ट्रेलिया ने पिछले टी20 विश्व कप फाइनल में भारत को हराया था और हाल में पिछले वर्ष बर्मिंघम में स्वर्ण पदक मैच में भी उसने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2017 में वनडे विश्व कप फाइनल में पहुंचने के बाद भारत में महिला क्रिकेट काफी तेजी से ऊपर की ओर बढ़ा है और अब समय आ गया है जब वहगुरूवार को 'करो या मरो' जैसे मुकाबले में उम्मीदों को प्रदर्शन में तब्दील करे। हालांकि हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली टीम ने ग्रुप चरण में पिछले चार में से तीन मैच जीते हैं लेकिन उसकी किसी भी जीत को दमदार नहीं कहा जा सकता, यहां तक कि आयरलैंड के खिलाफ जीत को भी नहीं। टीम को एकमात्र हार इंग्लैंड से मिली।

अभी तक भारत ने टूर्नामेंट में जिस तरह का खेल दिखाया है, उसे देखते हुए केवल यही उम्मीद ही लगायी जा सकती है कि किसी तरह से टीम बड़े मैच से पहले अपनी सभी समस्याओं से निजात पा लें, जिसमें शीर्ष क्रम की अनिरंतरता के अलावा ऋचा घोष को छोड़कर खिलाड़ियों की छक्के जड़ने की अक्षमता शामिल है। टीम को 'डॉट' गेंद



का ज्यादा प्रतिशत भी कम करना होगा। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने तीन साल पहले अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया था, हालांकि वह अब भी किशोरी ही हैं लेकिन वह अपनी गलतियों से सबक लेने में नाकाम रही हैं जिसमें स्ट्राइक रोटेट नहीं कर पाना और शॉर्ट गेंद के खिलाफ उनकी कमियां शामिल हैं।

कप्तान हरमनप्रीत खुद काफी दबाव में हैं, वह अभी तक इस विश्व कप में कोई उपयोगी पारी नहीं खेल पायी हैं। वह उन कुछ बल्लेबाजों में शामिल हैं जो गेंद को लंबी दूरी तक हिट कर सकती हैं लेकिन वह कुछ ज्यादा ही लंबे समय से अनिरंतर चल रही हैं। विश्व कप नॉकआउट मैच में हार से उनका कप्तानी कार्यकाल खत्म हो सकता है। जेमिमा रोड्रिग्स ने अभी तक टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन टीम की मदद के लिये उनके इससे कहीं ज्यादा की उम्मीद है। स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना निरंतर बल्लेबाजी करने वाली खिलाड़ियों में शामिल रही हैं और एक बार फिर वह आस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम के लिये महत्वपूर्ण होंगी। वहीं मेग लैनिंग की अगुआई वाली आस्ट्रेलियाई टीम टी20 मैचों में लगातार 22 मैच जीतकर सेमीफाइनल तक पहुंची है और वह बड़े मैचों में अपने खेल को शीर्ष स्तर तक पहुंचाने के लिये मशहूर है। आस्ट्रेलिया ने मार्च 2021 में न्यूजीलैंड से एक टी20 मैच गंवाने के बाद किसी भी प्रारूप में महज दो अधिकारिक मैच गंवाये हैं और ये दोनों हार भारत के खिलाफ मिली हैं। आस्ट्रेलियाई टीम ने दिसंबर में मुंबई में हुई श्रृंखला में 4–1 से जीत हासिल की थी। गेंदबाजी विभाग में तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर टूर्नामेंट में भारत की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रही हैं जिन्होंने अभी तक सात विकेट झटके हैं जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ 15 रन देकर पांच विकेट चटकाना शामिल रहा है। दीप्ति शर्मा ने आयरलैंड के खिलाफ अपने एक ओवर में काफी रन लुटा दिये लेकिन वह स्पिन विभाग में सबसे निरंतर गेंदबाज रही हैं।

पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और राधा यादव को मजबूत आस्ट्रेलिया के खिलाफ अधिक सटीक गेंदबाजी करनी होगी। आस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी पिछले नतीजों के बावजूद भारतीय चुनौती से सतर्क हैं। मूनी ने मंगलवार को यहां पत्रकारों से कहा, ''मुझे कड़े मुकाबले की उम्मीद है, पिछले कुछ वर्षों में उनकी टीम (भारत) काफी तेजी से सुधार कर रही है और उनके लाइन अप में कुछ मैच विजेता खिलाड़ी भी हैं। '' टीमें इस प्रकार हैंरू भारत रू हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, यास्तिका भाटिया, ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल, दीप्ति शर्मा, देविका वैद्य, राधा यादव, रेणुका ठाकुर अंजलि सरवनी, पूजा वस्त्राकर, राजेश्वरी गायकवाड़ और शिखा पांडे। आस्ट्रेलिया मेग लैनिंग (कप्तान), एलिसा हीली, डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, ग्रेस हैरिस, जेस जोनासेन, अलाना किंग, तहलिया मैकग्रा, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड और जॉर्जिया वारेहैम। मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े छह बजे शुरू होगा।

## दक्षिण अफ्रीका महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में, बांग्लादेश को 10 विकेट से हराया

केपटाउन। लौरा वॉलवार्ट और तजमीन ब्रिट्स के नाबाद अर्धशतकों तथा पहले विकेट के लिये 117 रन की अटूट साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां बांग्लादेश को 10 विकेट से रौंदकर आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दक्षिण अफ्रीका की टीम इस तरह शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ग्रुप दो के शीर्ष पर रहने वाली इंग्लैंड से भिड़ेगी। इंग्लैंड ने अभी कोई मैच गंवाया नहीं है। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप एक में गत चौम्पियन आस्ट्रेलिया के पीछे रही जिसने अपने सभी चारों मैच जीते थे।

दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका ने अपने ग्रुप के मैच खत्म होने के बाद चार चार अंक हासिल किये। लेकिन तीनों टीमों में मेजबान का नेट रन



रेट 0.738 बेहतर रहा जिससे वह सेमीफाइनल में पहुंची। न्यूजीलैंड और श्रीलंका का नेट रन रेट क्रमशरू 0.138 और –1.460रहा। सुने लुस की अगुआई वाली टीम इस तरह अपनी सरजमीं पर आयोजित हुए आईसीसी विश्व कप के अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली दक्षिण अफ्रीकी टीम – पुरूष या महिला, जूनियर या सीनियर – बन गयी। वोलवार्ट (56 गेंद में नाबाद 66 रन) और ब्रिट्स (51 गेंद में नाबाद 50 रन) ने अपनी टीम के लिये टूर्नामेंट में पहले अध शतक जमाये जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश द्वारा दिया गया 114 रन का लक्ष्य 13 गेंद रहते हासिल कर लिया।

मेजबान टीम मंगलवार को 17.5 ओवर में बिना विकेट गंवाये 117 रन बनाकर सेमीफाइनल में पहुंची। इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया, उसके लिये कप्तान निगार सुल्ताना 30 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। दक्षिण अफ्रीका के लिये अयाबोंगा खाका और मरिजाने काप ने दो दो विकेट झटके। वहीं शबनीम इस्माइल और नानकुलुलेको मलाबा को एक एक विकेट मिला। दक्षिण अफ्रीका के लिये वोलवार्ट ने अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का जड़ा जबकि ब्रिट्स ने चार चौके लगाये।

## गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग अश्विन दूसरे स्थान पर पहुंचे, जडेजा शीर्ष 10 में

दुबई। भारत के रविचंद्रन अश्विन बुधवार को जारी ताजा आईसीसी पुरूष टेस्ट खिलाड़ी रैंकिंग में एक पायदान के फायदे से दूसरे स्थान पर पहुंच गए जबकि रविंद्र जडेजा सात पायदान के लाभ से शीर्ष 10 गेंदबाजों में शामिल हुए। जडेजा नयी दिल्ली में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 10 विकेट चटकाने के बाद नौवां स्थान हासिल करने में सफल रहे। वह सितंबर 2019 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचे हैं। चोटिल तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शीर्ष 10 में शामिल एक अन्य भारतीय गेंदबाज हैं, वह पांचवें स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन सूची में शीर्ष पर हैं लेकिन आस्ट्रेलियाई कपतान पैट कमिंस दो पायदान के



नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गये हैं।

अक्षर पटेल अपनी शानदार बल्लेबाजी की बदौलत आल राउंडर सूची में शीर्ष पांच में शामिल हो गये जिसके शीर्ष पर जडेजा और अश्विन मौजूद हैं। आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर बरकरार हैं जिनके बाद स्टीव स्मिथ दूसरे और पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम तीसरे स्थान पर हैं। भारत के ऋषभ पंत कार दुर्घटना के बाद अनिश्चित समय तक क्रिकेट से बाहर हैं लेकिन वह छठे स्थान पर कायम हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने भी अपना सातवां स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप (23वें), हैरी ब्रूक (31वें) और बेन डकेट (38वें) तथा न्यूजीलैंड के टॉम ब्लंडेल (11वें) और डेवोन कॉनवे (17वें) ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल कर ली है।

## यूएस राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हुआ एक और भारतवंशी, युवा बिजनेसमैन विवेक रामास्वामी भी देंगे ट्रंप को टक्कर

भारतीय मूल की निक्की हेली के बाद एक और भारतवंशी ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। भारतीय मूल के विवेक गोस्वामी ने अब अमेरिकी राष्ट्रपति पद



के लिए अपनी उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया है। भारतीय–अमेरिकी तकनीकी उद्यमी विवेक रामास्वामी ने ष्योग्यता वापस लानेष और चीन पर निर्भरता समाप्त करने के वादे के साथ अपनी 2024 की राष्ट्रपति पद की दावेदारी जताई है। निक्की हेली के बाद रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के प्राथमिक में प्रवेश करने वाले दूसरे समुदाय के सदस्य बन गए हैं।

37 वर्षीय रामास्वामी के माता–पिता केरल से संयुक्त राज्य अमेरिका चले गए थे और ओहियो में एक जनरल इलेक्ट्रिक प्लांट में काम करते थे। वह रिपब्लिकन प्रेसिडेंशियल प्राइमरी में प्रवेश करने वाले दूसरे भारतीय–अमेरिकी हैं। इस महीने की शुरुआत में दक्षिण कैरोलिना के दो–कार्यकाल की पूर्व गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राजदूत हेली ने अपने राष्ट्रपति अभियान की घोषणा की थी। उन्होंने घोषणा की कि वह रिपब्लिकन पार्टी के नामांकन के लिए अपने पूर्व बॉस और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी।

फॉक्स न्यूज के साथ एक इंटरव्यू में रामास्वामी ने कहा कि अमेरिका को चीन जैसे बाहरी खतरों का सामना करना पड़ रहा है। यह हमारी शीर्ष विदेश नीति का खतरा बन गया है जिसका हमें जवाब देना है। इसके लिए कुछ बलिदान की आवश्यकता होगी। इसके लिए चीन से स्वतंत्रता की घोषणा और पूर्ण अलगाव की आवश्यकता होगी। और यह आसान नहीं होगा।

## पाकिस्तान विदेशी मिशनों, कार्यालयों और कर्मचारियों की संख्या घटाने का लिया फैसला

दिवालियेपन की कगार पर खड़ा पाकिस्तान अपने खर्चे में कटौती के कड़े उपायों की योजना बना रहा है। पाकिस्तान सरकारी कर्मचारियों के वेतन में कटौती, संघीय मंत्रियों की संख्या को कम करने और मंत्रालयों और विभागों के खर्च पर अंकुश लगाने पर विचार कर रहा है। शहबाज सरकार की तरफ से ऐसा कदम तब आया है जब पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था बढ़ते कर्ज, वैश्विक



मुद्रास्फीति और राजनीतिक अस्थिरता से निपटने के लिए संघर्ष करता हुआ धरातल पर जा रहा है।

द न्यूज इंटरनेशनल ने बताया कि पाकिस्तान के प्रध ानमंत्री शहबाज शरीफ की तरफ से मितव्ययिता उपायों की घोषणा की गई है। मितव्ययिता उपायों में संकुचनकारी राजकोषीय नीतियां, सार्वजनिक व्यय में कटौती, चयनात्मक कर वृद्धि, पेंशन सुधार और श्रम सुरक्षा में कटौती शामिल है, जो सरकारों द्वारा खर्च को कम करने के लिए लागू की जाती हैं।

कंगाली कम करने के नए उपाय

पाकिस्तान में मितव्ययिता उपायों से सेवानिवृत्त न्यायाधीशों सहित सरकारी अधिकारियों के साथ–साथ पेंशन को दिए जाने वाले भत्तों और विशेषाधिकारों को सीमित कर दिया जाएगा।

इसके अलावा, यह उम्मीद की जाती है कि पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ के आधे मंत्रिमंडल बिना किसी वेतन या विशेषाधिकार के काम करेंगे।

मितव्ययिता के उपायों में सभी सरकारी संस्थाओं के बजट में कटौती शामिल हो सकती है – कैबिनेट सदस्यों, सांसदों और सरकारी कर्मचारियों के कुछ भत्तों और विशेषाधिकारों को वापस लेना, जिसमें लक्जरी वाहन और सुरक्षाध्प्रोटोकॉल शामिल हैं।

## यूक्रेन की मदद से कभी पीछे नहीं हटेंगे अमेरिका एवं उसके सहयोगी:बाइडन

वॉरसॉ। यूक्रेन पर रूस के जारी हमलों के लगभग एक साल होने के मद्देनजर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि भले



ही कुछ भी हो जाए, अमेरिका एवं उसके सहयोगी यूक्रेनवासियों की मदद करने से ''पीछे नहीं हटेंगे।'' यूक्रेन का अचानक दौरा करने के एक दिन बाद बाइडन ने पोलैंड में अपने संबोधन के दौरान पिछले एक साल में किए गए प्रयासों के लिए यूरोप में अपने सहयोगियों की प्रशंसा की और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कड़े शब्दों में स्पष्ट संदेश दिया, ''नाटो विभाजित नहीं होगा और हम थकेंगे नहीं।'' बाइडन ने वॉरसॉ के 'रॉयल कैसल' के बाहर हजारों लोगों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, ''एक साल पहले दुनिया को कीव के हार जाने की आशंका थी। मैं बता सकता हूंरू कीव मजबूती से खड़ा है, कीव गर्व से खड़ा है और सबसे जरूरी बात कीव स्वतंत्र है।'' बाइडन ने यूक्रेन एवं रूस के बीच जारी युद्ध को लोकतंत्र और निरंकुशता के बीच वैश्विक संघर्ष बताया और कहा कि अमेरिका इससे पीछे नहीं हटेगा, हालांकि कुछ सर्वेक्षणों के मुताबिक, यूक्रेन के लिए जारी सैन्य सहायता के प्रति अमेरिकी सहयोग कमजोर हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा, ''दुनिया के लोकतंत्र स्वतंत्रता की रक्षा के लिए आज, कल और हमेशा खड़े रहेंगे।'' बाइडन ने कहा, ''जब (रूस के) राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन ने यूक्रेन में अपने टैंकों को भेजने का आदेश दिया था, तो उन्हें लगा था कि वह उसे हरा देंगे। वह गलत थे।'' उन्होंने कहा, ''दुनिया भर में लोकतंत्र मजबूत हुआ है'', जबकि पुतिन समेत दुनिया के तानाशाह कमजोर हुए हैं। बाइडन ने कहा, ''तानाशाह केवल एक शब्द समझते हैं – नहीं, नहीं, नहीं।'' उन्होंने कहा, 'नहीं, आप मेरा देश नहीं ले जाएंगे। नहीं, आप मेरी आजादी नहीं ले जाएंगे। नहीं, आप मेरा भविष्य नहीं लें पाएंगे।

## अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सुबह के कारोबार में बड़ी गिरावट, अडाणी एंटरप्राइजेज नौ प्रतिशत टूटा




नयी दिल्ली। अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में बुधवार को सुबह के कारोबार में बड़ी गिरावट आई। शेयर बाजार के कमजोर रुख के बीच समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट का सिलसिला जारी है। बीएसई पर अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 9.31 प्रतिशत टूट गया। अडाणी पावर, अडाणी ट्रांसमिशन, अडाणी टोटल गैस और अंबुजा सीमेंट्स...सभी के शेयर पांच प्रतिशत नीचे आ गए। अडाणी ग्रीन एनर्जी 4.99 प्रतिशत, अडाणी विल्मर 4.99 प्रतिशत और एनडीटीवी 4.45 प्रतिशत के नुकसान में था। अडाणी पोर्ट्स का शेयर 4.38 प्रतिशत तथा एसीसी तीन प्रतिशत के नुकसान में कारोबार कर रहा था। सुबह के कारोबार में समूह की कई कंपनियों के शेयर अपने निचले सर्किट को छू गए। सुबह के कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 596.95 अंक या 0.98 प्रतिशत के नुकसान से 60,075.77 अंक पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका की शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद से अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट आ रही है। इस रिपोर्ट में समूह पर धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए हैं। हालांकि, समूह ने इन आरोपों को खारिज किया है।

## ग्राम पंचायत मेहनौली में मनरेगा योजना का मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। जयेंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा





विकास खण्ड शोहरतगढ़ के ग्राम पंचायत मेहनौली में मनरेगा योजना से पोखरा खुदाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय संगीता यादव, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम प्रधान, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे स कार्य पर रिपोर्ट के अनुसार के अनुसार 64 श्रमिक का मस्टररोल निकाला गया है। मौके पर 46 श्रमिक मिले। बताया गया कि मात्र 49 श्रमिक की उपस्थिति एनएमएस पर दर्ज किया गया है ग्राम रोजगार सेवक द्वारा बताया गया कि डिमांड के अनुसार 69 श्रमिक का मस्टर रोल निकाला गया, परन्तु सभी श्रमिक काम पर नहीं आ रहे है। कार्यस्थल पर सीआईबी बोर्ड नही लगाया गया है। तत्काल सीआइबी लगाने के निर्देश किया गया।

## तालीम के बगैर नही कोई कर सकता तरक्की

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। गोला बाजार स्थित शहीद बाबा के सलाना उर्स के मौके



पर जलसे–ए–ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। जिसमे मुल्क मशहूर उलमाए कराम व मशहूर नातख्वान उपस्थित रहें। जलसे का आरम्भ तिलावते कराम व नातेख्वान से हुआ। जिमसें मुख्य रूप से सैय्यद आमिर मसूदी साहब ने दोरुदो सलाम का नजराना पेश करते हुवे कहा कि अल्लाह के नबी के सुन्नतों पर अमल करना, आप से सच्ची मोहब्बत का सबूत होगा। नबी ए–करीम की सीरत पर अमल करने से मुसलमानों को दोनों जहाँ में कामयाबी मिलेगी। और कहा कि इस्लाम के सच्चे रास्तों पर चलने का आह्वान किया। कहा कि पढ़ लिख कर अपने माँ बाप और अपने वतन का नाम रौशन करना चाहिए। इसके बाद गरीब और यतीम विधवा महिलाओं के साथ साथ मुल्क की तरक्की के लिए दुआ की। उन्होंने लोगों से अपील किया कि आपस मे मोहब्बत, प्यार के साथ रहे और एक दूसरे का ख्याल रखें। जलसे का संचालन गुलाम वारिश बलियावी और कमाल अख्तर बस्तवी ने हुजूर की शान में नात पेश किया। इस अवसर पर उपस्थित शहर काजी गोला मुफ्ती मेराजुद्दीन, जमालुद्दीन, मौलाना हामिद अली मौलाना सिद्दीक कादरी, गयासुद्दीन, इम्तेयाज अहमद, मौलाना इकबाल अहमद, मुन्ना हाशमी जाहिद हुसैन आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## रेल पोस्ट गति शक्ति योजना के तहत चलाई गई पार्सल ट्रेन

गोरखपुर। रेल पोस्ट गति शक्ति योजना के तहत पहली ट्रेन



संख्या 00919 सूरत से नकहा जंगल गोरखपुर दिनांक 22.02.23 को सुबह 03.15 को पहुंची। यह ट्रेन सूरत से दिनांक 20.02.2023 को रवाना हुई थी। व्यापारी वर्ग के लिए यह एक बहुत ही अच्छी सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई है जिसके माध्यम से कोई भी व्यवसाय करने वाले अपना सामान आसानी से सुरक्षित सूरत तक भेज सकते हैं या मंगा सकते हैं। यह ट्रेन रास्ते में जबलपुर, कानपुर, लखनऊ होते हुए सूरत जाती है। आज सुरत से प्राप्त हुए पार्सल का वितरण हेतु वितरण गाड़ी को रवाना निदेशक डाक सेवा, गोरखपुर परिक्षेत्र, श्री बीबी शरण, प्रवर अधीक्षक डाकघर एवम रेल अधिकारी द्वारा किया गया। इस दौरान माननीय निदेशक ने इसकी उपयोगिता एव समय के सापेक्ष आवश्यकता बताई। इस अवसर पर अधीक्षक रेल डाक सेवा, श्री सिंकु रावत, सहायक अधीक्षक रेल डाक सेवा, निरीक्षक रेल डाक सेवा, जन संपर्क निरीक्षक एवम डाक तथा रेल विभाग के अन्य कर्मचारी एवम अधिकारी उपस्थित रहे। यह सरकार द्वारा रेल एवम डाक विभाग को जोड़ने का जनहित में सराहनीय प्रयास है।

# स्वस्थ्य संतुलित हो आहार एनर्जी दे शरीर को अपार : श्रवण कुमार राय

## 'महिलाओं एवं बच्चों को खाने हेतु दें पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण पुष्टाहार:जिला विकास अधिकारी

मीरजापुर(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अन्तर्गत विकास खण्ड हलिया के महुगढ़ ग्राम पंचायत में संचालित कान्हा प्रेरणा महिला लघु उद्योग एवं विकास खण्ड पटेहरा में संचालित खुशी प्रेरणा महिल लघु उद्योग पुष्टाहार उत्पादन इकाई का निरीक्षण श्रवण कुमार राय जिला विकास अधिकारी द्वारा किया गया। दोनो पुष्टाहार उत्पादन इकाई संचालित अवस्था में पाये गये उक्त पुष्टाहार उत्पादन इकाई द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को खाने हेतु पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण पुष्टाहार उत्पादित किया जा रहा है जो कि 6 माह से 3 वर्ष, 3 वर्ष से 6 वर्ष, गर्भवती एवं धात्री महिलाएं तथा कुपोषित बच्चों के लिए आटा बेसन हलवा, आटा बेसन बर्फी, दलिया मूंग दाल, खीचड़ी एवं एनर्जी डेन्स हलवा का उत्पादन किया जा रहा है। जिला विकास अधिकारी द्वारा खण्ड मिशन प्रबन्धक हलिया से उत्पादन की स्थिति पर चर्चा की गयी उत्पादन प्रति दिवस 5 मैट्रिक टन से कम होने पर खण्ड मिशन प्रबन्धक हलिया एवं पटेहरा कलां को निर्देशित किया गया कि उत्पादन क्षमता बढ़ाएं। वर्तमान समय में ढाई से तीन मैट्रिक टन का उत्पादन किया जा रहा है। खण्ड मिशन प्रबन्धक द्वारा उक्त के क्रम में अवगत कराया गया कि विद्युत आपूर्ति कम होने के कारण निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उत्पादन कम हो रहा है नियमित रूप से केवल 8 से 12 घण्टे ही विद्युत आपूर्ति हो पा रही है जिसके कारण उत्पादन में कमी हो रही है। जिला विकास अधिकारी द्वारा टीएचआर प्लान्ट पर नियमित साफ–सफाई एवं सम्बन्धित रजिस्टर का लेखांकन नियमित रूप से करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात विकास खण्ड हलिया के सभागार में जिला विकास अधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा की गयी जिसमें आयुष्मान कार्ड की प्रगति बढ़ाने हेतु विकास खण्ड स्तरीय सम्बन्धित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड में आयोजित होने वाले सामुहिक विवाह कार्यक्रम हेतु विकास खण्ड स्तरीय समस्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से समूह सदस्यों को कम से कम दो से तीन स्व रोजगार से जोड़कर उनकी मासिक आय में आठ से दस हजार रुपये तक वृद्धि कराकर उनकी आय को एक वर्ष में एक लाख से अधिक तक पहुंचाया जाय। मिशन अन्त्योदय योजना अन्तर्गत स्वयं सहायता समूह के सक्रिय सदस्यों का यूजर आईडी एवं पासवर्ड तैयार कर जल्द से जल्द ग्राम पंचायतवार सर्वे कराने के निर्देश दिये गये।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मनरेगा के अद्यतन प्रगति पर समीक्षा की गयी। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी हलिया, जिला मिशन प्रबन्धक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) खण्ड मिशन प्रबन्धक, ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# आग से झुलसे मरीजों के इलाज की नहीं है सुविधा, रेफर हो रहे मरीज

देवरिया। मेडिकल कॉलेज में बर्न यूनिट स्थापित नहीं हो सका है। इसके चलते झुलसे मरीजों को समुचित सुविधा नहीं मिल पा रही है, जिससे मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मामूली झुलसे मरीजों का किसी तरह इलाज किया जा रहा है, जबकि गंभीर मरीजों को उपचार के लिए निजी अस्पतालों व महानगरों की तरफ रुख करना पड़ता है, जिससे मरीजों व तीमारदार को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में बर्न यूनिट शुरू होने पर लोगों को आस जगी कि अब उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी और अंयत्र नहीं जाना पड़ेगा। 22 माह बीत गए पर अब तक बर्न यूनिट की स्थापना नहीं हो सकी है। इससे मरीजों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है। जबकि अस्पताल में पहले की अपेक्षा भीड़ भी बढ़ी है। यहां जनपद के विभिन्न स्थानों के अलावा बिहार प्रांत के सीमावर्ती गांवों सहित ढाई सौ से अधिक लोग हर रोज इलाज कराने आते हैं। वहीं ठंड के मौसम में आग से झुलसे करीब पांच लोग प्रतिदिन इलाज कराने आते हैं। जबकि अन्य दिनों की संख्या कुछ कम रहती है। गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर भेज दिया जाता है। तीमारदारों को गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ व निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है। यहां अस्पताल में सर्जिकल वार्ड से सटे गैलरी में दस बेड का वार्ड बनाया गया है। 20 से 25 प्रतिशत तक झुलसे लोगों को ही भर्ती किया जाता है। इस समय तीन मरीज रूपाली, ऊषा व शिवांग भर्ती हैं। मरीजों के परिजनों ने बताया कि मरीजों के लिए दवा का इंतजाम हैं, लेकिन संक्रमण से बचाव के इंतजाम नहीं है। सबसे पहले तो एसी होना चाहिए, जिससे गर्मी के दिन में दिक्कत न हो।

# आपसी प्रेम और सौहार्द से मनाएं शब्ब–ए–वरात व होली का त्योहार–सीओ

## शब्ब–ए–वरात व होली के मद्देनजर पीस कमेटी की मीटिंग की गई

दैनिक बुद्ध का संदेश

फरेंदा,महराजगंज। आगामी त्योहार को देखते हुए फरेन्दा कोतवाली में पुलिस क्षेत्राधिकारी कोमल प्रसाद मिश्र व थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय की






अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान फरेन्दा कस्बे सहित गांव के तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुये सीओ कोमल प्रसाद मिश्र ने कहा कि आने वाले त्योहार शब्ब–ए–वरात व होली को आपसी भाईचारे तथा सौहार्द पूर्वक मिलजुल कर मनाएं। किसी पर भी आपत्तिजनक टीका टिप्पणी से बचे। यदि किसी तरह कि कोई अराजकता उत्पन्न करता है तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। शांति व्यवस्था व होली में खलल डालने वालों अराजक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। वहीं थाना प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने कहा कि शब्ब–ए–वरात व होली त्यौहार पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इस त्यौहार पर खलल डालने वालों किसी भी व्यक्ति से सख्ती निपटने को पुलिस तैयार है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में अमन चौन कायम रखना हम सभी भारतीयों कि नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए आने वाले त्योहार में आपसी भाईचारे बनाये रखते हुए त्यौहार को सौहार्दपूर्वक मनाएं और शांति व्यवस्था कायम रखें। बैठक में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक राम किशुन यादव, दिनेश यादव सहित क्षेत्र के अन्य तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सामूहिक नकल कराने में कक्ष निरीक्षक के खिलाफ केस दर्ज

महराजगंज। सरदार वल्लभ भाई पटेल इंटर कॉलेज कसमरिया में कक्ष निरीक्षक की ओर से मौखिक रूप से बोल कर नकल कराने का मामला प्रकाश में आने के बाद केंद्र व्यवस्थापक की ओर से सिंदूरिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। दूसरी ओर माध्यमिक शिक्षा विभाग ने भी मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए केंद्र व्यवस्थापक को हटाते हुए उनकी जगह दूसरे केंद्र व्यवस्थापक को तैनात कर दिया है। कसमरिया स्थित कॉलेज के कक्ष संख्या दो में कक्ष निरीक्षक ड्यूटी में तैनात शिक्षक की ओर से बच्चों को बोल कर प्रश्नपत्र को हल कराने की शिकायत मिली थी। सूचना पर पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय की टीम ने मामले को सही पाया तथा केंद्र व्यवस्थापक को संबंधित कक्ष निरीक्षक इंद्रजीत के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया। मामले में लचर व्यवस्था को देखते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने केंद्र व्यवस्थापक मनोज कुमार को तत्काल कार्यमुक्त करते हुए उनके जगह नए केंद्र व्यवस्थापक के रूप में दिग्विजय नाथ इंटर कॉलेज के प्रवक्ता शेषनाथ को तैनात किया है। केंद्र व्यवस्थापक के रूप में तैनात रहे मनोज कुमार ने सिंदूरिया थाने में शिकायती पत्र देकर कक्ष निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी नासिर हुसैन ने बताया कि केंद्र व्यवस्थापक मनोज कुमार की तहरीर पर कक्ष निरीक्षक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

2,459 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा जिले के विभिन्न केंद्रों पर हुई। पहली पाली में हाईस्कूल गणित व इंटर में फल एवं खाद्य संरक्षण आदि विषयों तथा दूसरी पाली में इंटर के गृह विज्ञान व हाईस्कूल के कंप्यूटर विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए दोनों पालियों में पंजीकृत 35,695 परीक्षार्थियों में से 33,236 परीक्षार्थियों ने जहां परीक्षा दी, वहीं 2,459 अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय के मुताबिक, पहली पाली में हाईस्कूल गणित विषय में पंजीकृत 29,841 परीक्षार्थियों में से 27,782 ने परीक्षा दी, जबकि 2,059 ने परीक्षा छोड़ दिया। इंटर में पंजीकृत 666 परीक्षार्थियों में से 617 ने परीक्षा दी, जबकि 49 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में हुई इंटर गृह विज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 4,315 परीक्षार्थियों में से 3,981 ने परीक्षा दी जबकि 334 अनुपस्थित रहे। हाईस्कूल कंप्यूटर विषय में पंजीकृत 873 परीक्षार्थियों में से 856 ने परीक्षा दी जबकि 17 अनुपस्थित रहे। गणित का प्रश्नपत्र देख परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की सघन जांच हुई।

चार सचल दल ने भी 45 केंद्रों पर देखी हकीकत

प्रशासन की ओर से गठित चार सचल दल टीमों ने कुल 45 केंद्रों पर पहुंच कर परीक्षा की शुचिता को जांचने का कार्य किया। जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय के नेतृत्व वाले सचल दल ने सदर व निचलौल क्षेत्र के 15 केंद्रों पर पहुंचकर स्थिति देखी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने 10 परीक्षा केंद्रों की शुचिता को जांचा। डायट प्राचार्य की टीम ने सदर के आठ परीक्षा केंद्रों पर हो रही परीक्षा को देखा। राजकीय इंटर कॉलेज पनियरा के प्रधानाचार्य रामाज्ञा प्रसाद के नेतृत्व वाली टीम ने फरेंदा तहसील क्षेत्र के 12 परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर परीक्षा की शुचिता को जांचने का कार्य किया।

रात्रिकालीन निरीक्षण भी जारी

जिला विद्यालय निरीक्षक के नेतृत्व में टीम की ओर से रात्रिकालीन निरीक्षण भी जारी है। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर वे केंद्रों पर व्यवस्था को जांच रहे हैं। टीम में उनके साथ अनमोल यादव, हरीप्रकाश, रमेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कलश यात्रा के साथ विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा 24 फरवरी से होगी शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। अंतिम दिन 4 मार्च को होगी गरीब कन्याओं की शादी, अयोध्या, हरिद्वार व प्रयागराज से आए महंत देंगे आशीर्वाद प्रतिदिन चलेगा विशाल भंडारा, श्रद्धालु करेंगे प्रसाद ग्रहण उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में किया गया है आयोजन सोनभद्र। उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा 24 फरवरी से शुरू होगी। जिसका समापन 4 मार्च को गरीब कन्याओं की शादी के साथ होगा। अयोध्या, हरिद्वार एवं प्रयागराज से आए महंत एवं संत भी विवाह के साक्षी बनेंगे। प्रतिदिन विशाल भंडारा चलेगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद



ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि उमा महेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ, रामकथा



एवं गरीब कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 24 फरवरी को कलश यात्रा, कलश स्थापना व अग्नि प्रवेश के साथ ही विराट रूद्र महायज्ञ शुरू होगी। प्रतिदिन हरिद्वार से आए कथा व्यास राघवेंद्र चार्य जी महाराज द्वारा दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक रामकथा का पान कराया जाएगा। इसके बाद शाम सात बजे से आरती होगी। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन विशाल भंडारा भी चलेगा, ताकि श्रद्धालु कथा श्रवण के साथ ही प्रसाद भी ग्रहण कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि गरीब कन्याओं की शादी 4 मार्च को होगी, कन्याओं को आशीर्वाद देने के लिए अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज व प्रयागराज के महंत बलबीर गिरी जी महाराज भी आएंगे। पहले दिन जो विशाल भंडारा चलेगा उसका समूचा खर्च छात्र शक्ति की ओर से विधायक उमाशंकर सिंह वहन करेंगे। इसी प्रकार से रोज कोई न कोई दानदाता की ओर से भंडारा चलेगा। इसमें भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट कसारी रामगढ़, सोन विंध्य गंगा सेवा संस्कृति संस्थान, श्री शिव पार्वती मंदिर सेवा समिति शिवद्वार व विराट रूद्र महायज्ञ समिति ओबरा के पदाधिकारी,सदस्य व कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के अध्यक्ष संत रामनिवास शुक्ल, मंत्री डाक्टर परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर, उपाध्यक्ष सालिक राम साहू, ब्लाक प्रमुख दीपक कुमार सिंह, संरक्षक हरीश अग्रवाल, संरक्षक गणेश अग्रवाल, संरक्षक श्रीकांत दुबे, संरक्षक चेखुर पांडेय, संरक्षक हीरालाल बैसवार, कोषाध्यक्ष सुरेश गिरी,संरक्षक शैलेंद्र दुबे, मंत्री विनोद कुमार तिवारी, महामंत्री राजू कुमार, संरक्षक मधुसूदन सिंह, संरक्षक रमाकांत दुबे, संरक्षक जवाहिर दुबे व उदय प्रताप सिंह, धीरज सिंह, जुगुल किशोर, हीरालाल, राजबहादुर सिंह,राजनारायण पाल, रमापति साहू व बुधवंत जी का विशेष योगदान है। उन्होंने शिवद्वार में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।

# कलश यात्रा के साथ विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा 24 फरवरी से होगी शुरू

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं रामकथा 24 फरवरी से शुरू होगी। जिसका समापन 4 मार्च को गरीब कन्याओं की शादी के साथ होगा। अयोध्या, हरिद्वार एवं प्रयागराज से आए महंत एवं संत भी विवाह के साक्षी बनेंगे। प्रतिदिन विशाल भंडारा चलेगा, जिसमें श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कार्यक्रम के आयोजकध्संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि उमा महेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ, रामकथा एवं गरीब कन्याओं का शुभ विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 24 फरवरी को कलश यात्रा, कलश स्थापना व अग्नि प्रवेश के साथ ही विराट रूद्र महायज्ञ शुरू होगी। प्रतिदिन हरिद्वार से आए कथा व्यास राघवेंद्र चार्य जी महाराज द्वारा दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक रामकथा का पान कराया जाएगा। इसके बाद शाम सात बजे से आरती होगी। श्रद्धालुओं के लिए प्रतिदिन विशाल भंडारा भी चलेगा, ताकि श्रद्धालु कथा श्रवण के साथ ही प्रसाद भी ग्रहण कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि गरीब कन्याओं की शादी 4 मार्च को होगी, कन्याओं को आशीर्वाद देने के लिए अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज व प्रयागराज के महंत बलबीर गिरी जी महाराज भी आएंगे। पहले दिन जो विशाल भंडारा चलेगा उसका समूचा खर्च छात्र शक्ति की ओर से विधायक उमाशंकर सिंह वहन करेंगे। इसी प्रकार से रोज कोई न कोई दानदाता की ओर से भंडारा चलेगा। इसमें भिखारी भोले सेवा ट्रस्ट कसारी रामगढ़, सोन विंध्य गंगा सेवा संस्कृति संस्थान, श्री शिव पार्वती मंदिर सेवा समिति शिवद्वार व विराट रूद्र महायज्ञ समिति ओबरा के पदाधिकारी, सदस्य व कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से कार्यक्रम के अध्यक्ष संत रामनिवास शुक्ल, मंत्री डाक्टर परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर, उपाध्यक्ष सालिक राम साहू, ब्लाक प्रमुख दीपक कुमार सिंह, संरक्षक हरीश अग्रवाल, संरक्षक गणेश अग्रवाल, संरक्षक श्रीकांत दुबे, संरक्षक चेखुर पांडेय, संरक्षक हीरालाल बैसवार, कोषाध्यक्ष सुरेश गिरी, संरक्षक शैलेंद्र दुबे, मंत्री विनोद कुमार तिवारी, महामंत्री राजू कुमार, संरक्षक मधुसूदन सिंह, संरक्षक रमाकांत दुबे, संरक्षक जवाहिर दुबे व उदय प्रताप सिंह, धीरज सिंह, जुगुल किशोर, हीरालाल, राजबहादुर सिंह, राजनारायण पाल, रमापति साहू व बुधवंत जी का विशेष योगदान है। उन्होंने शिवद्वार में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है।



- **अंतिम दिन 4 मार्च को होगी गरीब कन्याओं की शादी, अयोध्या, हरिद्वार व प्रयागराज से आए महंत देंगे आशीर्वाद**
- **प्रतिदिन चलेगा विशाल भंडारा, श्रद्धालु करेंगे प्रसाद ग्रहण**
- **उमामहेश्वर गुप्तकाशी शिवद्वार धाम मंदिर परिसर में किया गया है आयोजन**

## पुलिस अधीक्षक ने किया व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन चुर्क, में स्थित सभागार कक्ष में व्यापारी सुरक्षा



प्रकोष्ठ के सम्बंन्ध में जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी। इस दौरान मौजूद रहे जनपद के प्रमुख व्यापारियों, उद्यमियों व पेट्रोल पम्प मालिकों के साथ घटित अपराधिक घटनाओं एवं उनकी सुरक्षा को लेकर विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यापारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने–अपने दुकानोंध संस्थानों मे सीसीटीवी कैमरे का प्रयोग करने हेतु बताया गया साथ ही साथ उनकी समस्याओं के विषय मे जानकारी की गयी तथा उनके सुरक्षा के सम्बंध मे व्यापारी बंधुओं द्वारा पुलिस से जो भी सहयोग मांगा जायेगा उसमे पुलिस द्वारा मदद का भरोसा दिलाया गया। व्यापारीगण द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र व अपर पुलिस अधीक्षक (मु0) सोनभद्र को प्रतीक चिन्ह तथा साल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन अमित कुमार तथा व्यापार संघ से सुशील कुमार गुप्ता, आनन्द कुमार गुप्ता, अजीत जयसवाल, संदीप सिंह चन्देल, रमेश जयसवाल, सुरज औझा, प्रकाश केशरी, चन्देल सहित जनपद के अन्य व्यापारीगण मौजूद रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव का महिलाओं ने किया स्वागत

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रदेश से चलकर आई समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव का जोरदार स्वागत किया गया। बैठक को संबोधित करती हुई समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी पार्टी समाजवाद में विश्वास करती है। इसके जरिए हम सभी के लिए अवसर की समानता एवं समावेशी आर्थिक विकास सुनिश्चित करना चाहते हैं। हमें ऐसा नीतिगत वातावरण बनाना चाहते हैं जिसके माध्यम से समाज के सभी वर्ग बिना किसी भेदभाव के समृद्ध हो। हम महिलाओं और युवाओं के विकास के लिए विशेष रूप से प्रतिबद्ध है। समाजवादी लोग देश की अर्थव्यवस्था बनाना चाहते हैं जहां गरीबी और भूख मिटाई जा सके। श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिलाओं के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किया आज तक कोई सरकार नहीं कर पाए। भाजपा की वर्तमान सरकार में महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है। बैठक को संबोधित करते हुए निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमेशा महिलाओं का सम्मान करने का काम किया है। बैठक को संबोधित करते हुए निवर्तमान महिला सभा की जिला अध्यक्ष कुमारी मंदाकिनी पांडे एवं निधि पांडे ने कहा कि इस भाजपा सरकार में महिलाओं का कोई सुनने वाला नहीं है। महिलाओं का यदि किसी सरकार में विकास हुआ है तो वह समाजवादी पार्टी है। बैठक में मुख्य रूप से राम निहोर यादव लालती देवी राधा सिंह मोहम्मद सईद कुरैशी किरण कुशवाहा बिंदु यादव नीलम कुशवाहा गीता गौड़ प्रमोद मनीष के साथ सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।



- **बैठक में महिलाओं ने समाजवादी पार्टी को आगामी लोकसभा चुनाव में जिताने के लिए कमर कसी महिलाओं का यदि किसी पार्टी में सम्मान है तो वह समाजवादी पार्टी है,रिबू श्रीवास्तव**

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश


**बुद्ध का संदेश**
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।


## यूपी बजट 2023: गोरक्षनगरी में मेट्रो को मिलेगी रफ्तार, जल्द निर्माण शुरू होने के आसार

गोरखपुर। केंद्र के बजट में मेट्रो के लिए धन के प्रावधान के बाद अब उत्तर प्रदेश सरकार के बजट में भी वाराणसी – गोरखपुर में भी मेट्रो संचालन के लिए एक अरब रुपये मिले हैं। इससे मेट्रो परियोजना को रफ्तार मिलने की उम्मीद है।

4672 करोड़ की लागत से शहर के दो रूटों पर तीन बोगी वाली मेट्रो दौड़ाने के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को यूपी कैबिनेट की पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। पब्लिक इन्वेस्टमेंट बोर्ड भी अपनी स्वीकृति दे चुका है। बजट मिलने से निर्माण कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री पद के अपने पहले कार्यकाल में ही योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मेट्रो रेल के लिए सर्वे करने के निर्देश दिए थे।

सर्वे के बाद डीपीआर तैयार किया गया, जिसे 2021 में ही मंजूरी दे दी गई थी। इसके मुताबिक रेल ट्रांजिट परियोजना में दो कॉरिडोर प्रस्तावित किए गए हैं । पहला कॉरिडोर श्यामनगर से मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय तक होगा। इसकी लंबाई 15.14 किलोमीटर है।

इस कॉरिडोर में 14 स्टेशन होंगे। दूसरा कॉरिडोर बीआरडी मेडिकल कॉलेज से नौसड़ चौराहे तक जाएगा। इसकी लंबाई 12.70 किलोमीटर है। इस कॉरिडोर में 13 स्टेशन होंगे। डीपीआर के मुताबिक हर एक किलोमीटर पर एक स्टेशन बनाया जाएगा।

पहला रूट

श्याम नगर, बरगदवां, शास्त्रीनगर, नथमलपुर, गोरखनाथ मंदिर, हजारीपुर, धर्मशाला, गोरखपुर रेलवे स्टेशन, यूनिवर्सिटी, मोहद्दीपुर, रामगढ़ताल, एम्स, मालवीयनगर, एमएमएमयूटी

दूसरा रूट

बीआरडी मेडिकल कॉलेज, मुगलहा, खजांची बाजार, बशारतपुर, अशोक नगर, वैष्णो नगर, असुरन चौक, धर्मशाला, गोलघर, कचहरी चौराहा, बेतियाहाता, ट्रांसपोर्टनगर, नौसड़

मेट्रो रूट पर फोरलेन का निर्माण कार्य पूरा

महानगर में जिन रूटों से मेट्रो गुजरेगी, उस पर फोरलेन निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। टेक्निकल यूनिवर्सिटी से गुरुंग तिराहा होते हुए मोहद्दीपुर तक फोरलेन बन चुका है। इसी तरह मोहद्दीपुर से गोरखनाथ मंदिर होते हुए जंगल कौड़िया तक फोरलेन का काम भी पूरा हो गया है। चूंकि, फोरलेन के डिवाइडर पर ही मेट्रो के लिए पिलर बनने हैं, ऐसे में अब कोई बाधा नहीं रहेगी। इसी के साथ गुलरिहा से मेडिकल कॉलेज, असुरन होते हुए धर्मशाला तक भी पिलर बनाने में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

## घर में घुसकर पीटा, पांच घायल

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के एक गांव में .शाम कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर मारपीट की। इसमें चार महिलाओं सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी का नजदीक के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी भाग निकले थे। पुलिस ने जांच पड़ताल की। अब तक की जांच में गांव की एक छात्रा से छेड़खानी करने को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। थाना क्षेत्र के एक गांव में शाम को कुछ लोग बाइक और चारपहिया पर सवार होकर पहुंचे और एक परिवार पर हमला बोल दिए। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट कर तोड़फोड़ भी की। इस दौरान परिवार में महिलाओं के साथ पुरुष वर्ग में एक किशोर ही मौजूद था। मामला बढ़ते देख किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पुलिस के पहुंचने से पहले हमलावर भाग निकले। पुलिस के मुताबिक अब तक जांच पड़ताल में बीएससी की एक छात्रा से पीड़ित परिवार के युवक के छेड़छाड़ करने को लेकर विवाद होने की बात सामने आई है। एसओ गोपाल प्रसाद राजभर ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची थी। छेड़खानी को लेकर विवाद होने की बात कही जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। एक चारपहिया वाहन पीड़ित के दरवाजे पर मौजूद था। पता किया जा रहा है कि वाहन किसका है और कैसे वहां पहुंचा है।

## युवक ने युवती का अश्लील फोटो वर पक्ष को भेजा, शादी टूटी

देवरिया। शहर के एक मोहल्ला निवासी एक युवक ने खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवती का अश्लील फोटो, जहां उसकी शादी तय थी, वहां भेज दिया। इस कारण युवती की तय शादी टूट गई। पीड़िता ने जिलाधिकारी से गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सदर कोतवाली के अबूबकर नगर मोहल्ला निवासी नसीम के खिलाफ एक युवती ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। आरोप है कि युवती की शादी दिसंबर माह में संतकबीरनगर जनपद के एक गांव में तय थी। इसी बीच नसीम ने उसका अश्लील फोटो और आपत्तिजनक मैसेज जिस युवक से शादी तय थी, उसके पिता के मोबाइल फोन पर भेज दिया। इसके चलते उसकी शादी टूट गई। शहर कोतवाल कपिल देव चौधरी ने बताया कि आरोपी नसीम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जमीन के विवाद में मारपीट, 14 पर केस दर्ज

भटनी। जमीन के विवाद में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने सात महिलाओं समेत 14 लोगों पर केस दर्ज किया है। दोनों पक्षों से मिली तहरीर पर कार्रवाई के बाद पुलिस घटना की जांच कर रही है। भटनी के खोरीबारी गांव निवासी शेषनाथ और रामसनेही के परिवार के बीच जमीन का विवाद है। जमीन पर कब्जे को लेकर 12 फरवरी को दोनों परिवारों में मारपीट हो गई। घायलों का इलाज कराने के बाद दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर देकर एक–दूसरे पर कार्रवाई की मांग की है। इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने सुलह–समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। पुलिस ने शेषनाथ, सूरज, पूजा, दुर्गावती देवी, भानुप्रताप, तेजप्रताप, रामसनेही, अक्षयवर, मनीषा देवी, सरिता, खुशबू, शीला, चांदनी और मन्नू पर मारपीट आदि का केस दर्ज किया। एसओ संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जमीन विवाद में मारपीट हुई थी। शिकायत पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सीढ़ी से गिरकर युवक की मौत

सलेमपुर। खुखुंदू थाना क्षेत्र का एक युवक . देर रात घर की सीढ़ी से गिर गया। इससे उसका सिर फट गया। परिजनों ने आनन–फानन उसे एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के भीटा भरौली गांव निवासी रंजीत गोड़ (32) रात घर की सीढ़ी पर चढ़ रहा था। इसी बीच उसका पैर फिसल गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आ गई। सिर का पिछला हिस्सा फट गया। खून से लथपथ युवक को परिजनों ने आनन–फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक युवक घर की सीढ़ी से गिर गया था। इससे सिर में गंभीर चोट से उसकी मौत हो गई।

## उत्खनन के लिए चिन्हित राजमहल टीले की सफाई शुरू

लक्ष्मीपुर (महराजगंज )। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनरसिहा कला में स्थित प्राचीन बौद्ध स्थल राजमहल की खुदाई के लिए चिन्हांकन पूरी करने के बाद राजमहल टीले की सफाई शुरू कर दी गई है। उत्खनन, पुरातत्व उत्खनन विभाग कर्मचारी व अधिकारियों ने आवासीय कैंप बना कर रह रहे हैं। विभाग ने पल –पल को कैमरे में कैद करने के लिए विभागीय फोटो ग्राफर को भेजा है। पुरातत्व उत्खनन अधिवेक्षण अधिकारी लखनऊ रामविनय ने बताया कि खुदाई के लिए चिन्हांकन करने के बाद कर्मचारियों द्वारा राजमहल टीले की साफ सफाई शुरु कर दी गई है। उत्खनन में लगे कर्मचारियों के लिए टेंट लगाया चुका है। जिसमें टीम के सदस्य रह रहे हैं। चिन्हित स्थल की साफ सफाई पूर्ण होने के बाद उत्खनन शुरु हो जाएगा। इस अवसर पर फोटो ग्राफर राजीव रंजन, सर्वेक्षक अनिल सिंह, मनमोहन डिमरी, जितेंद्र राव, अमित सिंह,प्रभुदयाल, प्रहलाद गौतम, बबलू तिवारी, महेन्द्र जायसवाल, लक्ष्मीपटेल आदि उपस्थित रहे।

## मनबढ़ों ने लेखपाल को बेरहमी से पीटा

निचलौल (महराजगंज)। तहसील में तैनात एक लेखपाल को कुछ मनबढ़ों ने बेरहमी से पिटाई कर दी। मामले में पुलिस ने पीड़ित लेखपाल की तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। थाना क्षेत्र के अगया निवासी रामानंद चौधरी ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि महाशिवरात्रि पर पंचमुखी शिवमंदिर इटहिया से ड्यूटी कर लौट रहे थे। निचलौल शहर के तहसील चौराहे के निकट कुछ मनबढ़ों ने उनकी बाइक में ठोकर मार दी। इसका विरोध करने पर उन लोगों ने उनकी बेरहमी से पिटाई कर फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक आंनद कुमार गुप्ता ने कहा कि आरोपी दीपक निवासी हरेडीह,गोलू यादव निवासी पांडेय वार्ड सहित अन्य दो लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अधिक स्क्रिन टाइम से बालों पर पड़ सकता है बुरा प्रभाव, जानिए बचने के तरीके



लैपटॉप, कंप्यूटर और मोबाइल जैसे डिजीटल गैजेट्स से निकलने वाली नीली रोशनी के अधिक संपर्क में रहने से न सिर्फ आंखों और त्वचा पर बल्कि बालों पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।

एक अध्ययन के अनुसार, मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से विद्युत चुम्बकीय विकिरण बालों के विकास चक्र को बुरी तरह से प्रभावित करता है। इससे बाल झडने लगते हैं। आइए आज हम आपको इस स्थिति से बचने के तरीके बताते हैं।

सीमित करें मॉर्डन गैजेट्स का उपयोगः डिजिटल उपकरणों के उपयोग को सीमित करना बालों के स्वास्थ्य को बेहतर रखने वाले उपायों में से एक है। सोने से पहले फोन का उपयोग करने की बजाय किताब पढने की आदत डालें। इसके अलावा सोने से कम से कम दो–तीन घंटे पहले मोबाइल का इस्तेमाल करना बंद कर दें। हालांकि, अगर उपयोग करना बहुत जरूरी है तो अपने लैपटॉप, मोबाइल, टीवी और अन्य उपकरणों को नाइट मोड सेटिंग पर ले जाकर कार्य करें।

पर्याप्त नींद लेना भी है जरूरी

अच्छी गुणवत्ता वाली नींद शरीर की कोशिकाओं को पुनर्जीवित करने में मदद करती है। मोबाइल को दूर करके हर रात एक ही समय पर सोने का नियम बनाएं और अच्छी नींद के लिए आरामदायक माहौल तैयार करें। इसके लिए शोरगुल और रोशनी से मुक्त जगह का चयन करें। इसी तरह अपने बिस्तर का गद्दा और तकिए मुलायम चुनें। अगर आपका गद्दा और तकिया चुभने वाला होगा तो वह आपको पूरी रात परेशान करेगा और आपको अच्छी नींद नहीं आएगी।

संतुलित आहार का है विशेष महत्व

बालों को स्क्रिन टाइम से पडने वाले प्रभाव से बचाने के लिए संतुलित आहार और प्रोटीन भी जरूरी है। बालों की मजबूती के लिए खाने में प्रोटीन का सेवन बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। विशेषज्ञों के मुताबिक, महिलाओं के लिए न्यूनतम प्रोटीन की आवश्यकता प्रतिदिन 46 ग्राम है, जबकि पुरुषों के लिए प्रतिदिन 56 ग्राम है। सोया उत्पाद, दुग्ध उत्पाद, पीनट बटर, चिया बीज, हरी मटर और हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन प्रोटीन का बेहतरीन स्त्रोत हैं।

तनाव को करें कमः डिजीटल उपकरणों का अधिक उपयोग तनाव का कारण बनता है और अत्यधिक भावनात्मक या शारीरिक तनाव से बालों का झडना बढ़ सकता है। ऐसे में इसे नियंत्रित करना जरूरी है। इसके लिए नियमित रूप से मेडीटेशन करें। वहीं अक्सर लोग तनाव या स्ट्रेस की वजह से अकेला रहना पसंद करते हैं, लेकिन इससे आपकी समस्या और भी बढ़ सकती है। इसलिए ऐसा न करें और लोगों से बातचीत करें। बालों के सीरम का करें इस्तेमालः अगर डिजीटल उपकरणों के नकारात्मक प्रभाव के कारण होने वाली बालों की समस्या से राहत चाहते हैं तो अपने हेयरकेयर रूटीन में सीरम को शामिल करें। सीरम बालों का विकास करने के साथ–साथ रूखे और बेजान बालों को ठीक करने में बड़ी मदद कर सकता है। यही नहीं, बालों का सीरम लगने के बाद एक लाइट रिफलेक्टर की तरह काम करता है, जिसके कारण बाल काफी चमकदार दिखते हैं।

## थमने का नाम ले रही है करिश्मा तन्ना की हॉटनेस

टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस लुक्स से फैंस को इंप्रैस करती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो लोग उनकी तारीफ करते नहीं



थकते हैं। हालांकि करिश्मा तन्ना अपनी हर एक पोस्ट से फैंस के दिलों की धड़कनें भी बढ़ा देती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट हॉट फोटोज ने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। करिश्मा तन्ना हमेशा अपने हॉट अंदाज से फैंस को इस कदर अपना कायल कर देती हैं कि लोगों की उन पर से नजरें हट पाना मुश्किल हो जाता है। हाल ही में उनकी लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस ने जेब्रा प्रिंट शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही शानदार लग रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो फैंस के बीच चर्चाओं का विषय बन जाती हैं। इन तस्वीरों में करिश्मा तन्ना ओपन हेयर और कानों में ईयरिंग्स फ्लॉन्ट करते हुए हॉट पोज दे रही हैं। उनके इस हॉट और सेक्सी लुक को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि करिश्मा तन्ना का हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है। एक्ट्रेस ने 39 की उम्र में भी खुद को काफी मेंटेन रखा है। उनकी फिटनेस देख कर उनकी उम्र का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। करिश्मा तन्ना की इंस्टाग्राम पर फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है और वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना अपनी एक्टिंग से ज्यादा फेमस अपने स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस की वजह से है। उनके हर एक लुक को लोग फॉलो करना पसंद करते हैं।




## रॉकेट बॉयज 2 का ऐलान, मार्च में रिलीज होगा वेब सीरीज का दूसरा सीजन




वेब सीरीज रॉकेट बॉयज काफी लोकप्रिय हुई थी। इसके जरिए इसमें काम करने वाले कलाकार जिम सरभ और इश्वाक सिंह ने भी दर्शकों से खूब वाहवाही बटोरी थी। फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स में भी इस सीरीज का जलवा रहा। दर्शकों के साथ समीक्षकों ने भी इसकी कहानी को सराहा। यही वजह है कि इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। अब आखिरकार रॉकेट बॉयज 2 की घोषणा हो गई है। आइए जानते हैं और क्या जानकारी मिली है।

सरभ ने इंस्टाग्राम पर सीरीज का टीजर साझा कर रॉकेट बॉयज 2 का ऐलान किया और इसकी रिलीज से जुड़ी जानकारी भी दी। सोनी लिव ने भी नए सीजन की जानकारी दे दी है। यह सीजन डॉ होमी जहांगीर भाभा और डॉ विक्रम साराभाई की पेशेवर जिंदगी के एक नए अध याय से परिचित कराएगा। जिम और इश्वाक को टीजर में देख प्रशंसक फूले नहीं समा रहे हैं। रॉकेट बॉयज 2 सोनी लिव पर इस साल मार्च से स्ट्रीम होगी। टीजर में दिखाया गया है कि कैसे भारत पूरी इच्छा से खुद को परमाणु सम्पन्न राष्ट्र बनाना चाहता है, लेकिन वो जानता है कि उसके ऊपर उसके दुश्मन और उसकी बराबरी के देश आंख लगाए बैठे हैं। भारत अन्य देशों के बराबर खड़े होने की कोशिश करता है, लेकिन इस बीच उसे बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अपने देश के लिए वैज्ञानिक किस हद तक जाते हैं, यह सीजन भी वही दिखाने का प्रयास करता है।

रॉकेट बॉयज की कहानी डॉ होमी जहांगीर भाभा और डॉ विक्रम साराभाई के जीवन के इर्द–गिर्द घूमती है, लेकिन उनके साथ ही यह भारत के उस दौर की दास्तां पेश करती है, जब देश निर्माण की प्रक्रिया अपने प्रारंभिक दौर में थी। उस वक्त देश अंग्रेजों की गुलामी से आजादी की आखिरी लड़ाई लड़ रहा था। महात्मा गांधी की अगुवाई में लोग संघर्ष कर रहे थे। होमी और विक्रम के किरदार सरभ और इश्वाक ने प्रभावी ढंग से निभाए।

फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2022 में रॉकेट बॉयज ने बेस्ट एक्टर (ड्रामा), बेस्ट स्क्रीनप्ले सीरीज, बेस्ट कॉस्टयूम डिजाइन, बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन, बेस्ट सिनेमैटोग्राफर और बेस्ट वीएफएक्स जैसी छह श्रेणियों में पुरस्कार जीते। बेस्ट स्क्रीनप्ले के लिए अभय पन्नू तो बेस्ट सिनेमैटोग्राफर का पुरस्कार हर्षवीर ओबेरॉय को मिला। वीएफएक्स के लिए वैरिएट स्टूडियो तो बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन के लिए बिजू एंटॉनी और उमा बिजू विजेता बनीं। बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन का खिताब मेघना गांधी और बेस्ट एक्टर का खिताब सरभ ने जीता।

अगर आप सोनी लिव पर बेहतरीन मनोरंजन की तलाश में हैं तो आप इसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर मौजूद सीरीज महारानी का मजा ले सकते हैं। स्कैम 1992 भी इसी पर है। अनदेखी, अवरोध और अ सिपंल मर्डर भी सोनी लिव पर देखी जा सकती हैं।

## फिल्म भोला का नजर लग जाएगी गाना आपको प्यार करने पर मजबूर कर देगा

अजय देवगन अभिनीत फिल्म भोला का नया गाना नजर लग जाएगी प्यार में विश्वास जगाएगा। अमाला और अजय के किरदारों




के प्यार वाले गाने के बारे में बोलते हुए, अजय कहते हैं, यह गाना फिल्म के भावनात्मक पहलू को दिखाता है। मुझे खुशी है कि इरशादजी, जावेद अली और रवि बसरूर ने इसे एक साथ खूबसूरती से पेश किया है। अमाला पॉल और अजय अभिनीत यह गाना दर्शकों की रुचि को आकर्षित करेगा, क्योंकि इसमें अमला पॉल बेहद आकर्षक लग रही हैं, जो अजय के साथ हिंदी फिल्मों में अपनी शुरूआत कर रही हैं। बड़ी–बड़ी आंखों वाली और मोहक मुस्कान वाली अभिनेत्री अजय के प्रेमी की भूमिका निभा रही है। गाने को जावेद अली ने गाया है, इरशाद कामिल ने लिखा है और रवि बसरूर ने संगीत दिया है। पवित्र शहर वाराणसी में खूबसूरती से फिल्माया गया, इस गीत में मार्मिक गुण है। अभिनेता को उम्मीद है कि दर्शक और उनके प्रशंसक इसे पसंद करेंगे और सुपर–हिट बनाएंगे। भोला 30 मार्च को सिनेमाघरों में आने वाली है।

## कलाई को मजबूती देने में मदद कर सकती हैं ये 5 आसान एक्सरसाइज



अगर आपकी कलाई चोट, दर्द या कार्पल टनल सिंड्रोम जैसी समस्याओं के लिए अतिसंवेदनशील हैं तो इसे मजबूत करने वाली एक्सरसाइज आपको बहुत लाभ पहुंचा सकती हैं। अच्छी बात है कि इन एक्सरसाइज से कलाई पर दबाव नहीं पड़ता है और इसके लचीलेपन में भी सुधार होता है। आइए आज हम आपको पांच तरह की कलाई की एक्सरसाइज के बारे में बताते हैं, जिन्हें घर पर करना आसान है।

रिस्ट सर्कल

सबसे पहले एक्सरसाइज मैट पर अपनी पीठ को सीधा रखते हुए बैठें या खड़े हो जाएं। अब अपने हाथों को कंधे के समान आगे की ओर बढ़ाएं और प्रत्येक हथेली से मुत्र्ठी बनाएं। इसके बाद अपनी कोहनियों को स्थिर रखते हुए अपनी कलाइयों को बाईं ओर मोड़ें, फिर उन्हें ऊपर की ओर मोड़ें। अब मुत्र्ठी को दाईं ओर मोड़ें और फिर नीचे की ओर झुकाएं। इसी तरह मुत्र्ठी को क्लॉकवाइज और एंटी–क्लॉकवाइज में 8–10 बार दोहराएं।

रिस्ट स्ट्रेचिंग

रिस्ट स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज का अभ्यास भी कलाई के दर्द से लेकर कई समस्याओं से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। इसके लिए अपने एक हाथ को सामने की तरफ करते हुए दूसरे हाथ से उसकी उंगलियों को पकड़ें और धीरे से उन्हें नीचे की ओर स्ट्रेच करें। इन्हें कुछ सेकेंड के लिए ऐसे ही रखें और फिर छोड़ दें। दूसरे हाथ से भी इसी तरह एक्सरसाइज करें। इस एक्सरसाइज को रोजाना पांच बार करें।

रेजिस्टेंस बैंड रिस्ट फ्लेक्सन

सबसे पहले कुर्सी पर बैठकर अपनी दाईं हथेली के चारों ओर एक ट्यूब रेजिस्टेंस बैंड लपेटें और अपने दाएं पैर के साथ बैंड के दूसरे छोर पर कदम रखें। अब अपनी दाईं कोहनी को अपनी दाईं जांघ पर रखकर हथेली ऊपर की ओर करें। यह शुरुआती स्थिति है। इसके बाद अपनी मुत्र्ठी को नीचे फर्श की ओर लाएं। इस मुद्रा को एक सेकंड के लिए रोकें। फिर अपनी कलाई को अपने शरीर की ओर घुमाएं। ऐसा 10 बार करें।

रिस्ट एक्सटेंशन

सबसे पहले अपने हाथों को सामने की तरफ करते हुए कंधों की सीध में फैलाएं। अब अपने एक हाथ की उंगलियों की मदद से दूसरे हाथ की उंगालियों को पीछे की ओर स्ट्रेच करें। दो सेकंड के लिए इसी मुद्रा में ठहरें। अब अपने हाथों को पूरी तरह से तब तक न खोलें जब तक आपकी उंगलियां स्ट्रेचिंग महसूस न करें। ऐसा दोनों हाथों से करें और इस प्रक्रिया को रोजाना कम से कम पांच बार दोहराएं।

फोम रोलिंग

इस एक्सरसाइज के लिए आप टेनिस या क्रिकेट की गेंद का प्रयोग कर सकते हैं। लाभ के लिए अपनी कलाई को गेंद के ऊपर रखें और इस दौरान हथेली को नीचे की ओर रखें। अब थोड़ा दबाव डालें और अपनी कलाई गोलाकार गति में घुमाएं। दूसरे हाथ से भी ऐसा ही करें। यह एक्सरसाइज कलाई की मांसपेशियों की मालिश करने में मदद करेगी।